आश्विन कृष्णा - 13 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 80 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 12-10-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 वोट बैंक की राजनीति के कारण हमास की निंदा करने में कांग्रेस विफल : सूर्या

6 पांच राज्यों के चुनाव को कैसे देखें?

7 इजराइल पर हमास का हमला दुनिया पर थोपी गई एक बुराई है : बाइडन

## फर्स्ट टेक

### नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

**पटना/वार्ता।** बिहार में दानापुर मंडल के रघुनाथपुर स्टेशन के निकट आज रात 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्व मध्य रेलवे के अनुसार आनंद विहार टर्मिनल से चलकर कामाख्या जाने वाली गाड़ी संख्या 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के पांच डिब्बे दानापुर मंडल के रघुनाथपुर स्टेशन के निकट पटरी से उतर गए। रेलवे के अनुसार इस दुर्घटना में किसी प्रकार के जान-माल की कोई क्षति नहीं हुई है । रेलवे ने यात्रियों और उनके परिजनों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है । इसके लिए पटना में 9771449971, दानापुर में 8905697493 और आरा में 8306182542 पर सम्पर्क किया जा सकता है ।

### यूजीसी के नए दिशानिर्देश : स्नातक के छात्रों को प्रशिक्षण लेना होगा

**नई दिल्ली/भाषा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए मसौदा दिशा-निर्देशों के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा और उन्हें इसके लिए क्रेडिट दिया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप स्नातक के छात्रों के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान प्रशिक्षण के लिए दिशा-निर्देशों का मसौदा मंगलवार को जारी किया गया। एनईपी छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के अवसर प्रदान करने के लिए स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रम में अनुसंधान और प्रशिक्षण को शामिल करने पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि यूजी डिग्री पाठ्यक्रम में नामांकित छात्रों के लिए चौथे सेमेस्टर के बाद 60 से 120 घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य होगा।

### रूस नहीं पा सका संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में स्थान

**संयुक्त राष्ट्र/एपी।** रूस संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार इकाई में सीट पाने की कोशिश में नाकाम रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में मंगलवार को इस सिलसिले में मतदान हुआ था। पिछले वर्ष यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की सदस्यता समाप्त करने के लिए महासभा में मतदान हुआ था। बहरहाल मंगलवार के मतदान में पूर्वी यूरोपीय क्षेत्रीय समूह का प्रतिनिधित्व करने वाली दो सीटों के लिए रूस का मुकाबला अल्बानिया और बुल्गारिया से था। गोपनीय तरीके ये हुए मतदान में बुल्गारिया को 160, अल्बानिया को 123 और रूस को 83 वोट मिले। रूस ने दावा किया कि उसे बहुमत का समर्थन प्राप्त है और 83 मत उसे संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यीय देशों में से आधे से भी कम देशों से प्राप्त हुए हैं, जो गौर करने वाली बात है।



# जम्मू-कश्मीर में प्रगति, शांति और समृद्धि का नया युग शुरू : मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि कश्मीर एक नया मोड़ ले रहा है और क्षेत्र में प्रगति, शांति और समृद्धि का एक नया युग शुरू हो गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जम्मू-कश्मीर के लोग शांति, प्रगति और देशभक्ति के पथ पर एक साथ आगे बढ़ते रहेंगे।

श्रीमती मुर्मू बुधवार को राजभवन श्रीनगर में उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज का कश्मीर अपनी विरासत का अनुसरण करते हुए नई करवट ले रहा है। राष्ट्रपति बनने के बाद श्रीमती मुर्मू पहली बार घाटी के दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने कहा ''प्रगति, शांति और समृद्धि का एक नया युग शुरू हो गया है। बुनियादी ढांचे के विकास, ई-गवर्नेंस, स्वास्थ्य सेवा, आवास, महिला सशक्तिकरण, जनजातीय आउटरीच और समावेशी विकास में बड़े पैमाने पर बदलाव आया है। जो एक रिकॉर्ड है।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश अमृत काल से गुजर रहा है और जम्मू-कश्मीर के लोग भी वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

राष्ट्रपति ने अपनी पहली यात्रा पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कश्मीर प्राचीन काल से ही कला, संस्कृति और शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि हमें शांति और सौहार्द को सर्वोच्च मानने की जम्मू-कश्मीर की विरासत को लगातार मजबूत करना है।

इससे पहले दिन में, श्रीमती मुर्मू कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।

# 'मेरा युवा भारत' मंच युवाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ाने में काफी मदद करेगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 'मेरा युवा भारत' मंच स्थापित करने का सरकार का निर्णय युवा नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने और भारत के प्रतिभाशाली युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने में काफी मददगार साबित होगा।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने युवाओं के नेतृत्व वाले विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में काम करने के लिए एक स्वायत्त निकाय 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) की स्थापना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि यह संस्था 31 अक्टूबर को वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्र को समर्पित की जाएगी। ठाकुर ने कहा कि यह



युवाओं को अपनी आकांक्षाओं को साकार करने और अपनी ऊर्जा का उपयोग करके एक विकसित भारत का निर्माण करने के लिए समान पहुंच प्रदान करेगा।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, ''मेरा युवा भारत की स्थापना पर मंत्रिमंडल का निर्णय युवाओं के नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने और हमारी प्रतिभाशाली युवा शक्ति की आकांक्षाओं को साकार करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।''

एक अन्य निर्णय में, सरकार ने लिथियम और नायोबियम के लिए तीन-तीन प्रतिशत और रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई) के लिए एक प्रतिशत की रॉयल्टी दरों को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''मंत्रिमंडल का आज का फैसला इस सेक्टर के लिए बड़ी खबर है और इससे आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।''

### 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' के तीन आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' (बीकेआई) समर्थित आतंकी 'मॉड्यूल' के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर राज्य में संभावित लक्षित हत्याओं के मंसूबों को विफल कर दिया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने यहां एक बयान में कहा कि इस मॉड्यूल का संचालन हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी कर रहा था जो नामित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा का करीबी सहयोगी है।

सीडब्ल्यूआरसी ने कहा

# 31 अक्टूबर तक तमिलनाडु को 3,000 क्यूसेक पानी छोड़े कर्नाटक : सूत्र

**नई दिल्ली/भाषा।** कावेरी जल विनियमन समिति ने कर्नाटक से 31 अक्टूबर तक तमिलनाडु को 3,000 क्यूसेक पानी छोड़ने को कहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय मंगलवार को एक बैठक में लिया गया, जहां सीडब्ल्यूआरसी ने कर्नाटक से बिलिगुंडलू में अपने जलाशयों से पानी छोड़ना सुनिश्चित करने को कहा। यह आदेश 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा।

तमिलनाडु ने 16,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का अनुरोध किया था।

सीडब्ल्यूआरसी ने सितंबर में कर्नाटक को 28 सितंबर से 15 अक्टूबर तक कावेरी से 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया था। कर्नाटक ने इस आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण में समीक्षा याचिकाएं दायर की हैं।

# देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी जैसे व्यक्ति के हाथ में हो तो असाधारण परिणाम पक्के हैं : अमित शाह

**नई दिल्ली/भाषा।** आईएमएफ की ओर से भारत के लिए मजबूत आर्थिक विकास के अनुमान के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जब देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे संवेदनशील, परिश्रमी और समर्पित नेता द्वारा किया जाता है, तो असाधारण परिणाम अनिवार्य हो जाते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के 2023-24 की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 0.2 प्रतिशत बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि, उसने वैश्विक वृद्धि का अनुमान घटाकर तीन प्रतिशत कर दिया।



शाह ने 'एक्स' पर कहा, नेतृत्व मायने रखता है। जब देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे संवेदनशील, परिश्रमी और समर्पित नेता द्वारा किया जाता है, तो असाधारण परिणाम अनिवार्य हो जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण हमारा देश आज विकसित देशों की तुलना में अधिक तेजी से प्रगति कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, एक अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री जो हासिल नहीं कर सके, उसे जनता के प्रति समर्पित एक नेता ने पूरा कर दिखाया। मोदी जी, हमारे भारत को दुनिया का अग्रणी देश बनाने की राह पर आगे बढ़ाने के लिए आपको और शक्ति मिले।

# पठानकोट हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता शाहिद लतीफ की पाकिस्तान में हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पठानकोट में भारतीय वायु सेना अड्डे पर 2016 के हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शाहिद लतीफ और उसके भाई को बुधवार को पाकिस्तान के सियालकोट जिले में एक मस्जिद के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। अधिकारियों ने यह



जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बुधवार तड़के दस्का शहर में नूर मदीना मस्जिद के बाहर हुई जब लतीफ नमाज के बाद बाहर आ रहा था। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने अंधाधुंध गोलीबारी की जिससे 53 वर्षीय लतीफ और उसके भाई हारिस हाशिम की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित लतीफ उर्फ बिलाल उर्फ नूर अल दीन सियालकोट में जैश-ए-मोहम्मद का 'लॉन्चिंग कमांडर' था और भारत में आतंकवादी हमलों की साजिश रचने, इसके लिए इंतजाम करने और अंजाम देने में शामिल था।

# आईएमएफ को पूंजी-संपन्न बनाए रखने की जरूरत : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी तरह से पूंजी-संपन्न बनाए रखने की जरूरत है। सीतारमण ने आईएमएफ की नीतिगत प्राथमिकताओं एवं इसकी सदस्यता विषय पर आयोजित एक गोलमेज चर्चा में शिरकत करते हुए यह बात कही। इस



गोलमेज बैठक की मेजबानी मोरक्को के मराकेश में विश्व बैंक-आईएमएफ की वार्षिक बैठक के मौके पर अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने की थी।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में इस बैठक का ब्योरा देते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने आईएमएफ के उद्देश्य और कर्ज नीतियों के अलावा इसे एक सशक्त, कोटा-आधारित और समुचित संसाधन वाला संगठन बनाने की बात कही। उन्होंने गरीबी ह्रास एवं विकास ट्रस्ट (पीआरजीटी) के वित्तपोषण और आईएमएफ के कामकाजी सुधारों के बारे में भी चर्चा की।

सीतारमण ने वैश्विक चुनौतियों के लिए समन्वित और सर्वसम्मति पर आधारित समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए बहुपक्षवाद के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस क्रम में उन्होंने भारत की अध्यक्षता में जी20 समूह की प्राथमिकताओं का भी जिक्र किया।

### सीबीआई ने दर्ज किया न्यूजक्लिक पोर्टल के खिलाफ मामला

**नई दिल्ली/वार्ता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन को लेकर समाचार पोर्टल 'न्यूज़क्लिक' के खिलाफ मामला दर्ज किया है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो स्थानों पर तलाशी ली है। सीबीआई सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया था और न्यूज़क्लिक से जुड़े कई पत्रकारों के आवास पर छापेमारी की थी। इसके बाद पुलिस ने इस सिलसिले में दो लोगों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया।

# दुनिया के दूसरे सबसे बड़े हिंदू मंदिर अक्षरधाम का अमेरिका में उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रॉबिन्सविले/भाषा।** दुनिया में दूसरे सबसे बड़े और पश्चिमी गोलार्द्ध में सबसे बड़े हिंदू मंदिर का अमेरिका के न्यू जर्सी शहर में उद्घाटन किया गया है। न्यूयॉर्क सिटी से 99 किलोमीटर दक्षिण में न्यू जर्सी की रॉबिन्सविले सिटी में 185 एकड़ भूभाग में स्थित यह अक्षरधाम मंदिर 191 फुट ऊंचा है।

'बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण'



PTI

(बीएपीएस) के नेता महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में आठ अक्टूबर को इस मंदिर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में हजारों लोग शामिल हुए।

महंत स्वामी महाराज ने कहा, उत्तर अमेरिका में ऐसे अक्षरधाम मंदिर का निर्माण करना प्रमुख स्वामी महाराज की दिव्य इच्छा थी जहां सभी जाति, नस्ल या धर्म के लोग आ सकते हैं।

| 12-10-2023 सूर्यास्त | 13-10-2023 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:02 बजे | 6:09 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 66,473.05 | 19,811.35 |
| (+393.69) | (+121.50) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 5,992 रु. | 70,730 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बदले तेवर

वे बने शांति के दूत आज,
जो कभी क्रांति के नायक थे।
वे लगे भटकने विधि से जो,
शासन में कभी विधायक थे।
त्यागी उनने रथ वल्गाएं,
जो खुद गीता के गायक थे।
वे भी अब टिकट जुगाड़ू हैं,
जो बिल्कुल ही नालायक थे।।

# इज़रायल-हमास संघर्ष में लेबनान भी कूदा

## इज़राइली हमलों में गाजा के इलाके बने खंडहर, इकलौता बिजली संयंत्र भी बंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तेल अवीव/वार्ता।** इज़रायल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच जंग में लेबनान भी शामिल हो गया है और लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इज़रायली सेना पर हमला किया जिसके बाद इज़रायली सेना ने लेबनान की ओर भी मोर्चा खोल दिया है।

उधर इज़रायली हमले में हमास के दो बड़े कमांडरों के मारे जाने की खबर के बीच गुरुवार को ब्रुसेल्स में नाटो की एक महत्वपूर्ण बैठक में इज़रायली रक्षा मंत्री नाटो देशों को संघर्ष की ताज़ा स्थिति की जानकारी देंगे। ताज़ा आंकड़ों



के अनुसार इज़रायली फौज के हाथों कम से कम 900 फिलिस्तीनियों की मौत हुयी जबकि हमास ने शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से 1200 से अधिक इजरायलियों को मौत के घाट उतारा है।

हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करके दुनिया को चौंका दिया है। इजरायल द्वारा सोमवार को पूरी तरह से नाकाबंदी करने के आदेश के बाद, गाजा पट्टी इलाके में पानी, खाद्य और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गयी।

हमास से जुड़े एक फिलिस्तीनी चैनल 'अल अक्सा' ने बुधवार को बताया कि गाजा पट्टी के दक्षिण में इजरायली हवाई हमले के दौरान हमास आंदोलन की सशस्त्र शाखा, अल-कसम ब्रिगेड के कमांडर के रिश्तेदार मारे गए।


### इजराइल ने एकता सरकार बनाई

**यरुशलम/भाषा।** इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और शीर्ष विपक्षी नेता ने फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ युद्ध की निगरानी करने के लिए युद्धकालीन एकता सरकार बनाने का एक समझौता बुधवार को किया। हमास ने गत शनिवार को इजराइल पर अचानक हमला किया था जिसके बाद इजराइल ने युद्ध की घोषणा की और तेज होते युद्ध के बीच अबतक 2,200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। नेशनल यूनिटी पार्टी के नेता बेनी गैंट्ज ने पूर्व में संकेत दिया था कि वह इज़राइल के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए आपातकालीन एकता सरकार में बिना शर्त शामिल होने के इच्छुक हैं।

# 'पृथ्वी के प्रति हमें समर्पण-त्याग, प्रेम, भक्ति की भावना रखनी चाहिए'


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** हमें पृथ्वी के प्रति भक्ति, प्रेम, समर्पण और त्याग की भावना रखनी चाहिए और जीवन को तमस से ज्योति की तरफ ले जाना चाहिए।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में श्री रंगा हरि द्वारा लिखित और किताबवाले प्रकाशन से प्रकाशित पुस्तक पृथ्वी सूक्त: धरती माता के प्रति एक श्रद्धांजलि के विमोचन के अवसर पर ये बातें कहीं। इस पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन प्रज्ञा प्रवाह, दिल्ली प्रांत और किताबवाले प्रकाशन द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें विविधता में भी अपनी मूल एकता को ध्यान में रखते हुए परस्पर व्यवहार का उत्तम आदर्श दुनिया के सामने रखना चाहिए।श्री रंगा हरि जी के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि श्री रंगा हरी जी सदैव कर्मशील रहे हैं। उनके सानिध्य मात्र से हम समृद्ध होते हैं।

वहीं इस अवसर पर केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा आदर्श एकात्मता है। एकात्माता के ज्ञान के बाद परमात्मा और जीवात्मा का अंतर खत्म हो जाता है। इस पुस्तक के लेखक श्री रंगा हरि एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं, जिन्होंने अपना जीवन साहित्य और समाज सेवा के लिए समर्पित किया।



# बुलेट ट्रेन से गुजरात-मुंबई की सामाजिक स्तर पर साझेदारी में सुधार होगा: पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने बुधवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना गुजरात और मुंबई के बीच सामाजिक स्तर पर भागीदारी को बेहतर बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि गुजरात और मुंबई दोनों भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और दोनों की भागीदारी वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से दोनों राज्यों को फायदा होगा। बुलेट ट्रेन परियोजना के पूरे होने से मुंबई-अहमदाबाद के बीच की दूरी दो घंटे और सात मिनट में तय की जा सकेगी।

पटेल ने यहां 10वें 'वाइब्रेंट गुजरात' शिखर सम्मेलन से पहले एक निवेशक रोड शो में कहा कि जहां मुंबई देश की वित्तीय राजधानी है, वहीं गुजरात सबसे पसंदीदा निवेश स्थल बन गया है।

वित्तीय राजधानी में मराठी और गुजराती भाषी समुदायों के बीच भाईचारा कम होने के कुछ मामले सामने आने के बीच पटेल ने कहा, बुलेट ट्रेन परियोजना से न केवल बुनियादी ढांचे के विकास और आर्थिक गतिविधियों में मदद मिलेगी, बल्कि सामाजिक स्तर पर साझेदारी में भी सुधार होगा।

शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं ने उपनगरीय घाटकोपर में हाल ही में कथित तौर पर कई गुजराती पोस्टर फाड़ दिए थे। उपनगरीय घाटकोपर में बड़ी संख्या में गुजराती भाषी लोग रहते हैं।

# ई-कॉमर्स नीति, उपभोक्ता संरक्षण नियम लागू करने में देरी से खुदरा व्यापार प्रभावित : कैट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** व्यापारियों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने ई-कॉमर्स नीति तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नियमों को लागू करने में अत्यधिक देरी को लेकर निराशा व्यक्त की है। कैट ने इस बारे में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र भी लिखा है। कैट ने पत्र में कहा, नीति एवं नियमों का अभाव देश के खुदरा व्यापार के लिए धीमे जहर की तरह काम कर रहा है, क्योंकि इस स्थिति का फायदा उठाकर अमेजन तथा फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों को अपनी मनमानी करने का मौका मिल रहा है। इससे देश के छोटे व्यापारी सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं।

कैट के महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने गोयल को लिखे पत्र में कहा, देश की अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र के लिए नीति व नियम बने हुए हैं, लेकिन ई-कॉमर्स तथा खुदरा व्यापार के लिए कोई नीति व नियम न होने से इस क्षेत्र में अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा है। इसी कारण देशभर में व्यापारी चाहते हुए भी ई-कॉमर्स व्यापार से नहीं जुड़ रहे हैं। ई-कॉमर्स में जिस प्रकार का व्यापारिक माहौल बना हुआ है, उससे व्यापारी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। हालांकि, पीयूष गोयल के नेतृत्व में डीपीआईआईटी व उपभोक्ता मंत्रालय दोनों ने ई-कॉमर्स नीति व नियमों पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा की है, जिसके चलते गत दो अगस्त को हितधारकों के साथ हुई अंतिम बैठक में इन्हें जल्द घोषित करने का आश्वासन दिया गया था।

# भारत की आर्थिक वृद्धि में रत्न व आभूषण क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका: गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि रत्न एवं आभूषण क्षेत्र ने भारत की आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गडकरी ने यहां अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रत्न एवं आभूषण उत्पादों का निर्यात बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, रत्न एवं आभूषण क्षेत्र सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान करता है। इसके साथ ही वह रोजगार के अवसर पैदा करने में भी अहम भूमिका निभाता है। इस क्षेत्र की भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

हालांकि, गडकरी ने यह स्वीकार किया कि इस समय भारतीय आभूषण विनिर्माताओं को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन आभूषण विनिर्माता अपने गहनों की डिजाइन में सुधार कर हीरों के वैश्विक आभूषण कारोबार पर दबदबा बना सकते हैं।

आभूषण विनिर्माताओं, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और निर्यातकों के शीर्ष व्यापार निकाय जीजेसी ने बुधवार को आभूषण शॉपिंग फेस्टिवल के शुभारंभ की घोषणा की। यह 15 से 22 अक्टूबर तक देशभर के 300 शहरों में आयोजित किया जाएगा।

# 'आप' को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा : अरविंद केजरीवाल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) को खत्म करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है और पार्टी नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराए जा रहे हैं। केजरीवाल ने अपने आवास पर 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान से मुलाकात करने के बाद यह दावे किए। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को खान के परिसरों पर छापे मारे थे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने खान तथा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन की जांच के सिलसिले में 'आप' विधायक के परिसरों की तलाशी ली थी। यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत की गई और तीन-चार परिसरों में तलाशी ली गई।

खान से मुलाकात के बाद 'आप' प्रमुख ने पत्रकारों से कहा, हमारे (आप) नेताओं के खिलाफ 170 मामले दर्ज कराए गए लेकिन उनमें से 140 मामलों में फैसला हमारे पक्ष में रहा है।

केजरीवाल ने कहा, पिछले कुछ महीनों में उन्होंने हमारे वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है। आप को खत्म करने के लिए चलाए जा रहे एक अभियान के तहत छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा शासित राज्यों में कोई जांच नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मकसद भ्रष्टाचार को खत्म करना नहीं बल्कि विपक्षी नेताओं को परेशान करना है।

केजरीवाल ने कहा, हमने देखा है कि मोदी जी जिन लोगों को भ्रष्ट बुलाते थे, वे लोग अब भाजपा का हिस्सा हैं। उन्होंने विपक्षी दलों के भ्रष्ट लोगों को अपने पाले में कर लिया है। उन्होंने कहा कि आप देशभक्तों की पार्टी है। उन्होंने दावा किया कि देश में डर का माहौल है।

केजरीवाल ने आरोप लगाया, लोग भारत छोड़ रहे हैं और दूसरे देशों में जा रहे हैं।



# कोल इंडिया की शाखा ने खनन 'स्क्रैप' से बनाई मूर्तियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कोल इंडिया की शाखा साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने एक विशेष अभियान के तहत खनन 'स्क्रैप' (अवशेष) से मूर्तियों बनाई हैं।

मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में 'स्क्रैप टू स्कल्पचर' अभियान चलाया गया। कोयला मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, परियोजना का मकसद कोयला खदानों की 'स्क्रैप' सामग्री को कई रचनात्मक मूर्तियों में तब्दील करना है। जमुना कोतमा क्षेत्र के बंकिम विहार में इन मूर्तियों को एक सार्वजनिक पार्क में प्रदर्शित किया गया। सरकार ने स्वच्छता और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस वर्ष दो से 31 अक्टूबर तक एक विशेष अभियान चलाने की घोषणा की है। अभियान का एक प्रमुख घटक 'स्क्रैप' सामग्री का निपटान करना है। घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है।

# हम सब को मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना चाहिए: गुलाम नबी आज़ाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जम्मू/भाषा। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आज़ाद ने जम्मू-कश्मीर में बीते डेढ़ साल के दौरान हुई आतंकवादी घटनाओं पर बुधवार को चिंता व्यक्त करते हुए इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया।

आज़ाद ने यहां कई प्रतिनिधिमंडलों के साथ एक बैठक की। उन्होंने बैठक से इतर पत्रकारों से कहा, पिछले पांच वर्षों के दौरान सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। लेकिन पिछले डेढ़ साल से घटनाएं हो रही हैं, खासकर राजौरी सेक्टर में। कश्मीर के कोकेरनाग में भी घटना हुई। हम इसे लेकर चिंतित हैं। डीपीएपी अध्यक्ष जम्मू-कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। आज़ाद ने कहा कि ऐसा लगता है कि आतंकवाद फिर से अपना सिर उठाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी, जम्मू-कश्मीर के लोगों, सरकार और राजनीतिक नेताओं को मिलकर इससे लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, यह केवल सरकार की नहीं, बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है। केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों की बहाली के लिए मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी सहित मुख्य विपक्षी दलों के धरने के संबंध में आज़ाद ने कहा, जिन नेताओं ने (प्रदर्शन का) आह्वान किया था, वे खुद भाग रहे हैं। यह उनकी गंभीरता को दिखाता है।

## जीएसटी प्राधिकरण ने एलआईसी पर लगाया 36,844 रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली/भाषा।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्राधिकरण ने कम कर भुगतान के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पर 36,844 रुपए का जुर्माना लगाया है। बीमा कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एलआईसी ने शेयर बाजार को बताया कि उसे जम्मू-कश्मीर के लिए ब्याज और जुर्माने के साथ जीएसटी संग्रह के लिए एक संचार/मांग आदेश प्राप्त हुआ है। राज्य कर अधिकारी, श्रीनगर की ओर से नौ अक्टूबर, 2023 के नोटिस के अनुसार, एलआईसी ने कुछ बिलों (इन्वॉइस) पर 18 प्रतिशत के बजाय 12 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान किया।

कर प्राधिकरण ने 2019-20 के लिए मांग आदेश व जुर्माना नोटिस जारी किया है। इसमें जीएसटी 10,462 रुपए, जुर्माना 20,000 रुपए और ब्याज 6,382 रुपए है।

एलआईसी ने कहा कि इससे निगम की वित्तीय, परिचालन संबंधी या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

## पंजाब में संदिग्ध ड्रग तस्कर पकड़ा गया, 4.94 करोड़ रुपए नकद बरामद

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर लुधियाना के मुल्लांपुर दाखा इलाके से मादक पदार्थ के एक संदिग्ध तस्कर को पकड़ा है। शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उसके पास से 4.94 करोड़ रु. जब्त किए गए। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि तस्कर हाल ही में जम्मू से 30 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी से जुड़े लोगों में से एक था। पकड़े गए तस्कर के पास से एक रिवॉल्वर और 38 फर्जी वाहन नंबर प्लेट भी जब्त की गईं। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, अंतरराज्यीय मादक पदार्थ नेटवर्क को बड़ा झटका : जम्मू-कश्मीर पुलिस और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में मुल्लांपुर दाखा से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया।

# कांग्रेस ने केआईएलए में नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए श्रम मंत्री का इस्तीफा मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में विपक्षी दल कांग्रेस ने बुधवार को राज्य संचालित 'केरल श्रम प्रशासन संस्थान' (केआईएलए) की नियुक्तियों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए श्रम मंत्री वी. शिवनकुट्टी के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस ने राज्य सरकार से भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच का आदेश देने का आग्रह भी किया।

पार्टी ने मंत्री पर केआईएलए में विभिन्न पदों पर पार्टी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति करने का आरोप लगाया, जो 2019 में मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए उस फैसले का उल्लंघन है कि पूर्व अनुमति के बिना वहां कोई नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीसन ने कहा, सरकार को उन सभी लोगों को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए जिन्हें पिछले दरवाजे से नियुक्त किया गया है। कांग्रेस की आलोचना उन मीडिया रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें दावा किया गया है कि शिवनकुट्टी ने केआईएलए में कार्यरत एक महिला नेता के नियमितीकरण के लिए कथित तौर पर हस्तक्षेप किया था।

# 'महाकाल लोक' में कोई अनियमितता नहीं, इसे मुद्दा बनाना कांग्रेस के लिए नुकसानदेह साबित होगा: यादव

(मनीष श्रीवास्तव)
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कहा कि हाल में तूफान में क्षतिग्रस्त हुए 'महाकाल लोक' के निर्माण को लेकर कांग्रेस गलत प्रचार का सहारा ले रही है। उन्होंने दावा किया कि परियोजना में रत्तीभर अनियमितता नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजनीति के लिए भगवान महाकालेश्वर को भी नहीं छोड़ा, लेकिन यह कदम उल्टा साबित होगा।

मध्य प्रदेश की सभी 230 सीट पर एक ही चरण में 17 नवंबर को मतदान होगा जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। मई में आंधी-तूफान के कारण उज्जैन के प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर के पास 900 मीटर से अधिक लंबे गलियारे महाकाल लोक को नुकसान हुआ था। तब से कांग्रेस देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, इस प्राचीन मंदिर के आसपास पुनर्विकास परियोजना में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सत्तारूढ़ दल पर निशाना साध रही है।

उज्जैन के यादव ने कहा कि यह मिथ्या प्रचार है क्योंकि महाकाल लोक के निर्माण में रत्तीभर अनियमितता नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि तेज-आंधी तूफान से मूर्तियों को नुकसान पहुंचा और कुदरत ने उस दिन किसी को नहीं बख्शा, कांग्रेस नेताओं के गोदामों को भी नहीं। उन्होंने कहा कि जब इतनी ताकत का तूफान या प्राकृतिक आपदा आती है तो वह किसी को नहीं छोड़ता, यहां तक कि केदारनाथ मंदिर को भी नहीं।

मंत्री ने दावा किया कि आंधी इतनी तेज थी कि इससे कांग्रेस नेताओं के गोदामों के साथ-साथ लोगों के दो मंजिला घरों को भी नुकसान पहुंचा। तीसरी बार उज्जैन दक्षिण सीट से चुनाव लड रहे यादव ने कहा कि हालांकि (मूर्तियाँ) क्षतिग्रस्त हो गई थीं, लेकिन ठेकेदार द्वारा उन्हें बिना किसी अतिरिक्त लागत के बदल दिया गया, फलस्वरूप सरकारी खजाने पर एक पैसा भी खर्च नहीं हुआ है। यादव इस सीट से 2013 और 2018 में चुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले को इसलिए उठा रही है क्योंकि उसके पास उठाने के लिए कोई अन्य मुद्दा नहीं है लेकिन लोग सब कुछ समझते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को केवल वोट बैंक के लिए चुनाव के समय ही रामायण, महाभारत, राम मंदिर और हनुमान याद आते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लगता है कि इस मुद्दे पर बात करके वह लोगों के बीच भाजपा के लिए बनी सद्भावना को नुकसान पहुंचाएगी। मंत्री ने कहा कि लेकिन जनता सब कुछ जानती है और ये चीजें विपक्षी दल के लिए प्रतिकूल साबित होंगी। मप्र चुनावों से पहले दोनों गांधी भाई-बहनों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा संबोधित हर रैली में, कांग्रेस नेताओं ने राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का दावा किया है, खासकर महाकाल लोक के निर्माण में, जिसके पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

## 'भारत के 2050 तक 30000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद'



**नई दिल्ली/भाषा।** एचडीएफसी बैंक के अध्यक्ष एवं आर्थिक मामलों के पूर्व सचिव अतनु चक्रवर्ती ने बुधवार को कहा कि मजबूत खपत व निर्यात के दम पर भारत के 2050 तक 30000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों ने इस साल भारत की वृद्धि दर करीब 6.3% और मुद्रास्फीति करीब 6% रहने का अनुमान लगाया है। इसलिए मौजूदा मूल्य पर जीडीपी करीब 10-12% होगी। चक्रवर्ती ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा, अगर इसी तरह की गति कुछ साल तक जारी रही तो भारत 2045-50 तक 30000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा और प्रति व्यक्ति आय 21,000 अमेरिकी डॉलर होगी।

# राष्ट्रपति के दौरे के कारण घर से निकलने से रोक दिया गया है : महबूबा का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को आरोप लगाया कि उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जम्मू कश्मीर के दौरे के मद्देनजर अपने घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू केंद्र शासित प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को श्रीनगर पहुंचीं और इस दौरान वह कश्मीर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने आरोप लगाया कि उन्हें मुर्मू के दौरे के कारण शहर के बाहरी खिंबर इलाके में अपने आवास से बाहर नहीं निकलने दिया गया। महबूबा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, यह जानकर हैरान हूं कि मैं अपने पार्टी कार्यालय जाने के लिए घर से बाहर तक नहीं निकल सकती क्योंकि माननीय राष्ट्रपति आज श्रीनगर का दौरा कर रही हैं। आवाजाही का अधिकार कभी भी अचानक छीन लिया जाता है। राष्ट्रपति के इस दौरे के मद्देनजर श्रीनगर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल समेत सुरक्षा बलों को कश्मीर विवि तथा उसके आसपास तैनात किया गया है। शहर में निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों जैसे आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल

# भारत पर भी चीन की तरह ऊंचा कर्ज, पर जोखिम कम : आईएमएफ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाशिंगटन/भाषा।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत को कर्ज जोखिम कम करने के लिए मध्यम अवधि में घाटे को कम करने वाली एक महत्वाकांक्षी राजकोषीय सशक्तीकरण योजना बनाने की सलाह दी है।

हालांकि, आईएमएफ में राजकोषीय मामलों के उपनिदेशक रुड डी मोइज ने कहा कि भारत पर चीन की तरह भारी कर्ज होने के बावजूद उसपर ऋण से जुड़ा जोखिम अपने पड़ोसी देश की तुलना में कम है। मोइज ने पीटीआई-भाषा के साथ खास बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत पर मौजूदा ऋण बोझ सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 81.9 प्रतिशत है। चीन के मामले में यह अनुपात 83 प्रतिशत है और दोनों ही देश लगभग समान स्थिति में हैं। हालांकि, महामारी से पहले वर्ष 2019 में भारत का ऋण जीडीपी का 75 प्रतिशत था। उन्होंने कहा, भारत में राजकोषीय घाटा 2023 के लिए 8.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसका एक बड़ा हिस्सा ब्याज पर होने वाले व्यय का है। वे अपने ऋण पर बहुत अधिक ब्याज देते हैं जो जीडीपी का 5.4 प्रतिशत है। प्राथमिक घाटा 3.4 प्रतिशत होने से राजकोषीय घाटा 8.8 प्रतिशत हो जाता है। मोइज ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत का कर्ज चीन की तरह बढ़ने की आशंका नहीं है। इसके वर्ष 2028 में 1.5% की मामूली गिरावट के साथ 80.4% रहने का अनुमान है। उन्होंने इसके लिए भारत में वृद्धि की ऊंची दर को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि उच्च वृद्धि का ताल्लुक जीडीपी के अनुपात में कर्ज से भी है।

# मणिपुर जैसी घटना हो तो सड़कों पर उतरें, शरद पवार ने राकंपा की महिला इकाई से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि अगर मणिपुर जैसी घटना होती है तो पार्टी की महिला इकाई को मामला दर्ज होने की चिंता किए बिना सड़कों पर उतरना चाहिए।

राकांपा की महिला इकाई की सदस्यों को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि पैतृक संपत्ति में महिलाओं को हिस्सा देने के उनकी सरकार के फैसले को सही से लागू नहीं किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारे पास मणिपुर सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया गया, व्यक्तिगत हमले किए गए और हत्या कर दी गई। अगर ऐसा कुछ होता है राकांपा की महिला इकाई को सड़क पर उतरना चाहिए। वे आपके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे, लेकिन इससे घबराना नहीं चाहिए। पवार ने कहा कि महिलाओं को पैतृक संपत्ति में हिस्सा देने के फैसले को उस तरह लागू नहीं किया गया है, जिस तरह से किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, जब हम सत्ता में थे तो किसानों के 7/12 (जमीन) दस्तावेज में दोनों (बेटे और बेटी) का नाम होता था। हमने इसे कुछ जगहों पर लागू भी कर दिया था, लेकिन शत प्रतिशत लागू नहीं किया जा सका। हमें इस पर काम करना होगा और सरकार से भी आग्रह करना होगा।

पवार ने 1993 से 1995 के बीच महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री रहते हुए यह निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि जब वह रक्षा मंत्री थे तो उन्होंने सेना की अनिच्छा के बावजूद सशस्त्र बलों की तीनों इकाइयों में महिलाओं को 11 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया। शिवसेना-भाजपा-राकांपा (अजित पवार) गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए पवार ने कहा कि जनवरी से मई के बीच राज्य में 19 हजार से अधिक महिलाओं के लापता होने की खबर है।

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और शरद पवार के भरोसेमंद अनिल देशमुख ने राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान इस संबंध में सवाल उठाया था। पवार ने यह भी कहा कि सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं, लेकिन रिक्तियों को भरा नहीं जा रहा। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य अनुबंध के आधार पर कार्यबल की नियुक्ति करना है, जिससे आरक्षण के तहत रोजगार के पात्र गरीब लोग वंचित हो जाएंगे।

पवार ने सरकारी स्कूलों को निजी कंपनियों को गोद देने की नीति की भी आलोचना की।



इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ का सम्मान करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर एवं सिद्धगंगा मठ के श्रीसिद्धलिंग स्वामी एवं अन्य।

# विज्ञान के सहयोग से मनुष्य के जन्म और मृत्यु का फैसला करने का समय आएगा : बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। विज्ञान की शक्ति से मनुष्य के जन्म और मृत्यु का निर्णय करने का समय आ जाएगा। ऐसा पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा। बुधवार को वीरशैव-लिंगायत संगठन वेदिकर के तत्वावधान में 'वीरभद्रेश्वर जयंतीत्सव' का उद्घाटन और पुरस्कार वितरण के बाद बोलते हुए उन्होंने कहा कि 'वीरभद्र' का अर्थ यह है कि अगर वे बहादुरी के साथ रहेंगे तो जीवन सफल होगा। परीक्षा के समय चुनौतियों का सामना करना ही 'वीरभद्र' की असली विशेषता थी। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले इसरो चेयरमैन सोमनाथ के चेहरे पर एक बच्चे की मासूमियत का भाव है।

बोम्मई ने कहा कि विज्ञान और अध्यात्म दोनों महत्वपूर्ण हैं। अध्यात्म जहां आत्मविश्वास बढ़ाता है, वहीं विज्ञान वैज्ञानिक स्वभाव सिखाता है। विज्ञान के बिना, कोई भी आधुनिक गैजेट नहीं होता। विज्ञान एक गणित मॉडल है, और पृथ्वी से सूर्य तक की दूरी विज्ञान के गणितीय मॉडल के माध्यम से मापी जाती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में एक चीज दो बार होती है। मन में एक वास्तविकता में दूसरा बन जाता है। एक सामान्य मनुष्य 8 प्रतिशत मस्तिष्क का उपयोग करता है। वैज्ञानिक 20 प्रशित मस्तिष्क का उपयोग करते हैं। और, मानव मस्तिष्क का 80 प्रतिशत उपयोग अभी भी बाकी है। परिणामस्वरुप कृत्रिम बुद्धिमता आई है। विज्ञान की शक्ति से पहले ही मनुष्य की मृत्यु टल चुकी है। एक समय आएगा जब जन्म और मृत्यु पर नियंत्रण हो जाएगा। इसरो के चंद्रमा मिशन के बाद से विज्ञान में रुचि बढ़ी है। अधिकांश विद्यार्थियों का रुझान विज्ञान की ओर है। आने वाले दिनों में और भी महान वैज्ञानिक सामने आ सकते हैं। यह बहुत सराहनीय है कि वीरभद्रेश्वर का पुरस्कार इसरो के अध्यक्ष को दिया गया है क्योंकि यह विज्ञान को सम्मान देने जैसा है।

इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर, तुमकुर सिद्धगंगा मठ के श्री सिद्धलिंग स्वामीजी, नोनाविनाकेरे कदसिद्देश्वर मठ के डॉ. करिवृषभ देसिकेंद्र शिवयोगिशबारा स्वामीजी, गौरीगड्डे आश्रम के आध्यात्मिक अभ्यासी विनय गुरुजी, इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ और अन्य उपस्थित थे।

## किसानों को सात घंटे बिजली आपूर्ति नहीं हुई तो भाजपा विद्युत आपूर्ति कंपनियों पर जड़ देगी ताला : बोम्मई

चिक्कबल्लापुर/दक्षिण भारत। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर राज्य की कांग्रेस सरकार ने किसानों को तीन फेस में सात घंटे की निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बिजली आपूर्ति कंपनियों के कार्यालयों पर ताला जड़ देगी।

राज्य की सिद्दरामैया सरकार पर किसान विरोधी 'रवैये' का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ भाजपा की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बोम्मई ने कहा कि यह राज्य सरकार का कर्तव्य है कि बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करे और वह कोई एहसान नहीं कर रह रही। बोम्मई ने कहा, अधिकारी बताएंगे कि कैसे ऊर्जा विभाग काम कर रहा है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपये ऊर्जा विभाग को दिए थे जबकि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने कोई अनुदान जारी नहीं किया है क्योंकि उसके पास अनुदान देने और कोयला खरीदने के लिए पैसे नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को बमुश्किल रोजाना महज दो घंटे की बिजली आपूर्ति की जा रही है जबकि गत तीन महीने में विद्युत दरें दो बार बढ़ा दी गई हैं। बोम्मई ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर किसानों को तीन फेस में सात घंटे रोजाना निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो भाजपा बिजली कंपनियों के कार्यालयों में ताला जड़ देगी।



# मैसूरु दशहरा के लिए कर्नाटक के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को आमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। मैसूरु जिले के प्रभारी मंत्री एच.सी. महादेवप्पा ने बुधवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को शहर में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध दशहरा महोत्सव के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया। राजभवन ने बाद में जारी एक बयान में बताया कि महादेवप्पा, मैसूरु के महापौर शिवकुमार और उपायुक्त डॉ. के.वी. राजेंद्र के साथ आए थे और उन्होंने गहलोत को मैसूरु में दशहरा नाड हब्बा महोत्सव के लिए आमंत्रित किया।

मैसूरु दशहरा उत्सव 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भी आमंत्रण मिलने के बाद उत्साहित दिखे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, दशहरा उत्सव मेरे शहर का त्योहार है। मैं बचपन में अपने पिता के कंधे पर बैठक कर दशहरा देखता था। अब फिर सौभाग्य से बतौर राज्य के मुख्यमंत्री मुझे दशहरा उत्सव में शामिल होने का मौका मिला है।

उन्होंने कहा, जब मैसूरु जिला प्रभारी मंत्री एच.सी. महादेवप्पा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल विश्व प्रसिद्ध दशहरा उत्सव के लिए आमंत्रण देने आया तो मैंने खुशी से उसे स्वीकार किया और आश्वस्त किया कि मैं उसमें शामिल हूंगा। मैसूरु प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि इस साल 'एयरो शो' आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद 23 अक्टूबर को बन्नीमंडप परेड ग्राउंड में एक घंटे का एयर शो होगा।

## भाजपा ने चरवाहा समुदाय से किए वादे पूरे नहीं किए

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व विधायक पूर्णिमा श्रीनिवास ने बुधवार को दावा किया कि जे पी नड्डा नीत पार्टी गोला (चरवाहा) समुदाय से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है इसी वजह से वह भाजपा छोड़ रही हैं। पूर्णिमा कांग्रेस में शामिल होने वाली हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने विधान परिषद चुनाव में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उनके पति डी टी श्रीनिवास को टिकट देने का फैसला किया है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि उन्हें भाजपा में नजरअंदाज किया जा रहा था।

पूर्णिमा ने कहा कि बी एस येडीयुरप्पा और बसवराज बोम्मई दोनों ने ही मुख्यमंत्री रहते हुए उनके विधानसभा क्षेत्र होलालाकेरे पर ध्यान दिया था और उसके विकास के लिए धनराशि आवंटित की थी। पूर्णिमा 2018 से 2023 तक होलालाकेरे सीट से विधायक थीं।

उन्होंने कहा, 'हालांकि, जब मेरे समुदाय की बात आती है, तो वे (येडीयुरप्पा और बोम्मई) उन वादों पर खरे नहीं उतरे जो उन्होंने सरकार में रहते हुए हमारे समुदाय के लिए किए थे, चाहे वह हमारा मठ हो अथवा चित्रदुर्गा, होलालाकेरे, होसादुर्ग और हिरियुर में छात्रावास।'' पूर्णिमा को इस बात का भी मलाल है कि उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया। कांग्रेस में शामिल होने की तारीख के बारे में उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन हम 20 अक्टूबर के बारे में सोच रहे हैं।

# गलती करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को तार्किक अंत तक ले जाने की जरूरत : अदालत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि शहर में अवैध होर्डिंग के लिए जिम्मेदार बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के अधिकारियों के खिलाफ केवल कार्रवाई शुरू करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इस कार्रवाई को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाए जाने की आवश्यकता है। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले और न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित की खंडपीठ ने बेंगलूरु में अवैध होर्डिंग और विज्ञापनों के खिलाफ शहर के एक निवासी मायिगे गौडा द्वारा दर्ज कराई गई जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

बीबीएमपी ने उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए उठाए गए कदमों की अदालत को जानकारी दी। अदालत को यह सूचित किया गया कि उन अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं जिन्होंने कर्तव्य में लापरवाही की है या जो अपने कर्तव्यों के निर्वहन में धीमे और सुस्त रहे हैं।

इस प्रकार के सर्वाधिक नोटिस पूर्वी क्षेत्र के अधिकारियों को जारी किए गए। पूर्वी क्षेत्र में नौ अगस्त, 2023 तक 85 अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए। पश्चिमी क्षेत्र में 30, दक्षिणी क्षेत्र में 17, महादेवपुरा में एक, आरआर नगर में पांच, यलहंका में 10 अधिकारियों और दशरहल्ली में चार अधिकारियों को इस प्रकार के नोटिस जारी किए गए।

बीबीएमपी द्वारा अदालत के समक्ष दायर अनुपालन रिपोर्ट में बताया गया है कि विशेष आयुक्त (राजस्व) ने दो सितंबर को सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की और अदालत के निर्देशानुसार प्राथमिकियां दर्ज करने एवं अनधिकृत होर्डिंग को हटाने संबंधी जानकारी देने के निर्देश दिए। इसमें बताया गया कि अवैध ढांचे और होर्डिंग की पहचान करने एवं उन्हें हटाने के लिए क्षेत्रीय स्तर और उप-मंडल स्तर पर दलों का गठन किया गया।

दलों को सर्वेक्षण पूरा करने के लिए 10 दिन और रिपोर्ट सौंपने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया था। नोटिस जारी करने के बाद, संबंधित अवैध होर्डिंग हटा दिए गए और पूरी गतिविधि आठ अक्टूबर, 2023 तक पूरी कर ली गई। अदालत ने बीबीएमपी को यहां विज्ञापन होर्डिंग के संबंध में एक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया। अदालत ने इस बात की जानकारी देने को कहा कि पिछले तीन साल में प्राधिकारियों ने कितने होर्डिंग को अनुमति दी है, अवैध होर्डिंग के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है और कितना जुर्माना वसूला गया है। इसके बाद अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी।



बेंगलूरु कम्बाला का लोगो जारी करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार एवं अन्य।

# दो दिवसीय कंबाला उत्सव बेंगलूरु में

## पैलेस ग्राउन्ड में 25 व 26 नवम्बर को करावली मेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां बेंगलूरु कम्बाला समिति के तत्वावधान में आगामी 25 व 26 नवम्बर को बेंगलूरु पैलेस ग्राउन्ड में 'बेंगलूरु कम्बाला-नम्मा कम्बाला' का आयोजन होने जा रहा है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार का पैलेस ग्राउन्ड में भूमि पूजा (करे पूजा) कर इसकी शुरुआत की। लगभग 45 एकड़ से ज्यादा भूमि पर होने जा रहे इस करावली मेले में वहां की संस्कृति के दर्शन बेंगलूरु वासियों को होंगे। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि देश की आत्मा उसकी संस्कृति है। संस्कृति के विकास के साथ देश विकास करता है। उन्होंने पुत्तूर के विधायक अशोक राई का आभार जताया कि उन्हें इस संस्कृति से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया। करावली का इतिहास हमारे देश की सम्पत्ति है। उसे संजोकर रखना हम सभी का कर्त्तव्य है। उन्होंने कर्नाटक सरकार द्वारा सभी सुविधाएं बेंगलूरु कम्बाला को देने की बात कही।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद डीवी सदानंद गौड़ा ने एक बड़ी राशि का सहयोग देते हुए कहा कि बेंगलूरु में कम्बाला करने की उनकी बहुत पुरानी चाहत थी जो आज साकार रूप ले रही है।

इस मौके पर मल्लेश्वरम् के विधायक डॉ. अश्वत्थ नारायण, शांतिनगर के विधायक एनए हैरीश, शिवाजीनगर के विधायक रिजवान अहमद, करावली क्षेत्र के उद्यमी प्रकाश शेट्टी, उमर पीके, एमएन राजेन्द्र कुमार, देवी प्रसाद शेट्टी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

बेंगलूरु कम्बाला के लिए दक्षिण कन्नड़ एवं उडुप्पी जिला कंबाला समिति सहित तुळु कूटा बेंगलूरु, दक्षिण कन्नड़ एवं उडुप्पी जिला सर्व संघ एवं संगठनों का सहयोग है। बेंगलूरु में कम्बाला के लिए बेंगलूरु कम्बाला समिति के पुत्तुर के विधायक अशोक राई, उद्यमी गुरुरंजन शेट्टी, संगीतकार निदेशक गुरु किरण सहित अनेक कार्यकर्ता पूरे जी जान से जुटे हुए हैं।

गौरतलब है कि कंबाला कर्नाटक का एक भव्य त्योहार है जिसका प्रमुख आकर्षण भैंसा दौड़ है। भैंसों को गीले खेतों या पटरियों पर दौड़ने के लिए बनाया जाता है और उनके साथ उनके मालिक या किसान होते हैं।

## 'चंद्रयान-3' सार्वजनिक क्षेत्र की सफलता है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि 'चंद्रयान-3' सार्वजनिक क्षेत्र की सफलता है और देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को हमेशा सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित, व्यवस्थित और क्रियान्वित किया जाना चाहिए। विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन पर संसदीय स्थायी समिति के प्रमुख रमेश ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह बात कही। समिति के सदस्यों ने यहां भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मुख्यालय का दौरा किया।

राज्यसभा सदस्य रमेश ने कहा, पिछले 60 वर्षों में भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित, व्यवस्थित और क्रियान्वित किया जा रहा है और इसे इसी तरह जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 सार्वजनिक क्षेत्र की सफलता है। बेंगलूरु, बांडीपुर, काबिनी और मैसूरु की पांच दिवसीय यात्रा पर आई समिति ने 'चंद्रयान-3' की सफलता और 'आदित्य एल-1' मिशन के प्रक्षेपण के लिए इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

### विरोध प्रदर्शन



बुधवार को बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क में कावेरी आंदोलन के दौरान विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक जल संरक्षण समिति के सदस्यगण।

## सैलून कर्मचारी का अपहरण करने पर बेंगलूरु के चार लोगों को किया गिरफ्तार

बेंगलूरु/पणजी। बेंगलूरु के चार लोगों को गोवा में एक सैलून कर्मचारी का अपहरण करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को संदेह था कि कर्मचारी ने उनकी महिला रिश्तेदार को भगाया है।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक जिवबा दलवी ने बताया कि आरोपी व्यक्तियों ने उस व्यक्ति का पता लगाने के लिए कर्नाटक या गोवा पुलिस से कोई मदद नहीं ली, जिसके साथ उनकी रिश्तेदार कथित तौर पर भाग गई थी। पुलिस के अनुसार, मोइरा, बर्देज़-गोवा में हेयर कटिंग सैलून के मालिक जाकिर साबिर अहमद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि चार व्यक्तियों ने उनके सैलून में घुसकर उनके स्टाफ, उत्तर प्रदेश निवासी 25 वर्षीय ज़ुनैद ज़फ़ीर का अपहरण कर लिया।

पुलिस ने कहा कि आरोपी व्यक्तियों की पहचान 21 वर्षीय यासीन अली बेग, 30 वर्षीय अहमद शरीफ, 36 वर्षीय नवाज एमडी और 45 वर्षीय नवशाद अहमद के रूप में हुई है, जो सभी बेंगलूरु-कर्नाटक के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के संबंध में खुफिया जानकारी और वाहन के संबंध में जानकारी एकत्र करने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया था।

पुलिस ने कहा, मापुसा पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा दिए गए इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, ओल्ड गोवा पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने ओल्ड गोवा में एक कार को रोका और पीड़ित जुनैद को बचाया और कार के साथ चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया।

## मुख्यमंत्री आवास पर पथराव करने वाला गिरफ्तार

मैसूरु। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के आवास पर पथराव करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान मैसूरु के हूटागल्ली के सत्यमूर्ति के रूप में हुई है, जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह घटना मंगलवार की है। आरोपी बाइक पर पत्थरों से भरा बैग लेकर आए थे। अचानक उन्होंने मैसूरु में टी.के. लेआउट में पदुवाना रोड स्थित मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के आवास पर पथराव शुरू कर दिया। आरोपी पथराव करते समय अभद्र भाषा का भी प्रयोग कर रहा था, पथराव में खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

## मणिकांत ने 100 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

बेंगलूरु। सेना के मणिकांत एचएच ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इक्कीस साल के मणिकांत तीसरी हीट (शुरुआती दौर) में 10.23 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रहे और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने ओडिशा के अमिया कुमार मलिक के 2016 में बनाए 10.26 सेकेंड के रिकॉर्ड में सुधार किया।

# सवा किलो सोने के आभूषण के साथ दुकान का सैल्समैन गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अलसूर गेट पुलिस थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी दुकान से लगभग सवा किलो से अधिक गोल्ड ज्वेल्स के साथ फरार हो गए थे दुकान के सेल्समैन और उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अलसूर गेट पुलिस थाने में प्राप्त शिकायत के अनुसार दुकान में कुछ दिन काम करने के बाद सेल्समेन में मालिक का विश्वास जीता। सेल्समैन लालसिंह राव (20) जालौर के आहोर के रहने वाला है। गत सितम्बर 28 को ज्वेलरी मालिक ने लालसिंह को 1 किलो 262 ग्राम ज्वेलरी देकर उसे आन्ध्रप्रदेश के नेल्लूर जाकर मुकेश को देने का कहा। लालसिंह नेल्लरु गया। नेल्लूरु में जाकर मालिक को फोन किया कि चाकू और गन पाइंट से मुझे यहां कुछ अज्ञात लोगों ने लूट लिया है और सारा माल लेकर वह फरार हो गए हैं।

पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने बताया कि सैल्समैन की बात मालिक ने मान ली और नेल्लूर जाकर उसे वापस बेंगलूरु लाए। गत अक्टूबर 2 को मालिक ने अलसूरगेट पुलिस थाना को शिकायत दर्ज कराई। आयुक्त ने बताया कि पुलिस ने पूरी स्टोरी सुनने के बाद सेल्समैन पर पर शक करते हुए उससे पूछताछ की। दस दिन पूछताछ करने से लालसिंह ने अपना अपराध कबूल कर लिया और बताया कि राजस्थान में उसने सोना भिजवा दिया है। उसका एक अन्य साथी राजू भी है। अलसूर गेट पुलिस थाने के एसीपी विश्वनाथ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने राजस्थान जाकर राजू (25) को गिरफ्तार कर उसके पास से सभी आइटम बरामद हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि राजस्थान में पहले से ही राजू पर दो अपराध प्रकरण दर्ज हैं। इस संवाददाता गोष्ठी में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सतीश कुमार और डीसी सेन्ट्रल शेखर और अलसूर गेट एसीपी विश्वनाथ उपस्थित थे।

# भाजपा विधायक मुनिरत्ना ने भूख हड़ताल खत्म की, डीके शिवकुमार के पैर छुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भाजपा विधायक मुनिरत्ना नायडू ने बुधवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और उनके भाई कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के खिलाफ नफरत की राजनीति करने और अपने निर्वाचन क्षेत्र को आवंटित धन वापस लेने के खिलाफ शुरू की गई भूख हड़ताल खत्म कर दी। धरना खत्म करने के बाद मुनिरत्न एक कार्यक्रम में गए, जहां उपमुख्यमंत्री मौजूद थे। उन्होंने उनके पैर छुए। मुनिरत्ना ने शिवकुमार को अपने निर्वाचन क्षेत्र राजा राजेश्वरी के लिए धन और विकास कार्यों की एक सूची की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। बाद में मुनिरत्ना ने शिवकुमार से उनके आवास पर मुलाकात भी की और कई मुद्दों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येडीयुरप्पा ने उन्हें भूख आंदोलन खत्म करने और शिवकुमार से मिलने की सलाह दी थी।मीडियाकर्मियों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि विधायक मुनिरत्ना ने अगर उनसे मिलने का समय मांगा होता तो वह उन्हें पहले ही समय दे देते। मीडियाकर्मियों ने जब उनसे पूछा कि मुनिरत्ना ने आपके पैर छुए तो आपको कैसा लगा, तो शिवकुमार ने चौंकते हुए कहा, क्या उन्होंने सचमुच मेरे पैर छुए? मैं कोई धार्मिक संत तो नहीं हूं।

शिवकुमार ने कहा, मैंने उनसे उन कार्यों की एक सूची देने को कहा है, जिन्हें करने की जरूरत है और आश्वासन दिया है कि काम के लिए धन जारी किया जाएगा। मुनिरत्न अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन जारी करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे थे। वह बेंगलूरु के विधान सौधा में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने बैठे थे।

पूर्व मंत्री के साथ उनके सहयोगी भी थे, जिन्होंने शिवकुमार और सुरेश के खिलाफ भाजपा का झंडा और तख्तियां पकड़ रखी थीं। हालांकि, पुलिस ने मुनिरत्न के साथ बैठे उनके 10 से ज्यादा साथियों को हिरासत में ले लिया।


## नोटिस

**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तन कीहात**

**(ऑर्डर रूल 1 व 5 जाब्ता दीवानी)**

नोटीस वास्ते जाहीर करने की वजह आप अदालत सिविल न्यायाधीश महोदय बर

ब इजलास श्रीमान जितेन्द्र डूकियाँ, आर.जे.एस. मुद्दई विनोद वअन्य बनाम मुदायलाह रुपाराम एवं अन्य

दावा बावत घोषणा और स्थाई निषेधाज्ञा एवय आज्ञापालन निषेधाज्ञा एवं अवैध व प्रभाव शून्य कृत्य व शून्य घोषित करने बाबतथ दस्तावेज पंजीकृत

**विक्रय विलेख दिनांक 24.12.18 और 24.12.18**

**मुकदमा नम्बर : सी. ओ. 64 सन् 2021**

**सी. ओ. 60 सन् 2021**

मुसम्मी शैतानराम देवासी पुत्र भेराराम जाति देवासी उम्र 41 वर्ष निवासी श्री रंगा नगर वीरभद्रगर बनसंकरी थर्ड स्टेज बेंगलूरु साऊथ बेंगलूरु 560085 हरगाह की वादी विनोद ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत घोषणा एवं स्थाई निषेधाना एवं आज्ञापक निषेधाज्ञा एवं अवैध व प्रभाव शून्य घोषित करने दस्तावेज पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24.12.18 का दायर किया है लिहाजा आपको ब-जरिये इस तहरीर के दावे को जवाबदेही के लिए तारीख 25.10.2023 को दिन 10.00 बजे अदालत में हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमें से वाकिफ किया गया हो वकल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके को हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईन में इस्तेमाल करना चाहता हो उस दिन पेश करो।

आगाह रहो कि अगूर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा।

बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 03 10.2023 को जारी किया गया।

मोहर

हस्ताक्षर
रीडर शरिश्तेदार
सिविल न्यायाधीश एवं अदालत, बर



# विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए गए सांसद भाजपा के तरकश से निकले तीर : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने पार्टी द्वारा कुछ सांसदों को राजस्थान विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने को सत्तारूढ़ कांग्रेस को हराने के लिए 'भाजपा के तरकश से निकले तीर' करार दिया है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 21 से अधिक सीट नहीं मिलेगी। राज्य में कुल 200 सीट हैं जिनके लिए 23 नवंबर को मतदान होगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सात बार के विधायक राठौड़ ने यह भी कहा कि वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं।

कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि भाजपा ने मौजूदा सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारकर पहले ही हार मान ली है। इस बयान पर पर राठौड़ ने यहां कहा, इसलिए हमारा आलाकमान बहुत सोच-समझ कर निर्णय लेता है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी हमारे सांसद विधानसभा चुनाव में उतरे हैं। इस बार कांग्रेस को हारने के लिए हम तरकश से हर तीर निकालेंगे। उसमें से एक तीर हमारे सांसद हैं।

भाजपा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपने 41 प्रत्याशियों की पहली सूची सोमवार को जारी की जिसमें राज्यवर्धन राठौड़ एवं बालकनाथ सहित सात मौजूदा सांसद के नाम भी हैं। उनमें लोकसभा सांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा, दिया कुमारी को विद्याधर नगर, राज्यवर्धन राठौड़ को झोटवाड़ा, भागीरथ चौधरी को किशनगढ़, देवजी पटेल को सांचौर एवं बालक नाथ को तिजारा तथा राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से चुनाव मैदान में उतारा गया है।

पार्टी की ओर से पहली सूची में घोषित 41 उम्मीदवारों में राजेंद्र राठौड़ का नाम नहीं है। यह पूछे जाने पर कि पार्टी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन है, राठौड़ ने कहा कि प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चेहरा हैं और नतीजे आने के बाद पार्टी का विधायक दल मुख्यमंत्री पर फैसला करेगा। उन्होंने कहा,हमारे पास दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी हैं, वह ही हमारा चेहरा हैं उनके पीछे हम खड़े है और समय आने पर हमारा विधायक दल तय करेगा। उन्होंने कहा,हम उस दूल्हे की बारात में सज-धज कर खड़े हो जायेंगे। कोई भी मुख्यमंत्री की दौड़ में नहीं है। मैं तो कतई नहीं हूं। पार्टी के स्थानीय नेतृत्व को आगे लाने के बजाय राज्य में चुनावी प्रचार अभियान की अगुवाई प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए जाने पर राठौड़ ने कहा कि मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं । उन्होंने सवाल किया कि उन्हें राज्य में क्यों नहीं आना चाहिए।

उन्होंने कहा, आज हमें गर्व है कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हमारे पास हैं। प्रधानमंत्री के आने से शानदार वातावरण बनता है इसलिए वह आते हैं । ये चुनाव हैं, तो हमारा सेनानायक क्यों नहीं आयें।' पूर्व मंत्री राठौड़ ने कहा कि भाजपा में कोई भी पद महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा में कोई पद अहमियत नहीं रखता। कल को मुझे कह दिया जाए चुनाव नहीं लड़ना, लेकिन कार्यकर्त्ता तो हम हैं ही। राठौड़ ने कहा कि आचार संहिता लागू होने से कुछ समय पहले ही कई बोर्ड बनाए गए और नियुक्तियां की गईं, साथ ही, बिना किसी वित्तीय प्रावधान के तीन नए जिलों की घोषणा की गई।

भाजपा नेता ने 13 जिलों से गुजरने वाली पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर भी कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस परियोजना के लिए कभी गंभीर नहीं थे और उन्होंने केवल राजनीतिक लाभ के लिए एक मुद्दा बनाया-- लोग इसे समझते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ही ईआरसीपी को पूरा करेगी। कांग्रेस द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को फिर से शुरू करने और चुनाव में इसके असर पर राठौड़ ने कहा कि भाजपा, पुरानी पेंशन योजना में सुधार करेगी। उन्होंने कहा, अशोक गहलोत नई पेंशन योजना के जनक थे। अब वह बिना किसी बजटीय प्रावधान के ओपीएस लेकर आए हैं। हम ओपीएस में और सुधार करेंगे। हम इसकी कमियों को दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इससे चुनाव कोई फायदा नहीं मिलेगा।

# राजस्थान में अब 23 की बजाय 25 नवंबर को मतदान, चुनाव आयोग ने बदली तारीख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए अब 23 नवंबर की बजाय 25 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा चुनाव की तारीख बदलने की घोषणा की। एक बयान जारी कर बताया गया कि चुनाव आयोग ने 9 अक्टूबर को राजस्थान विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा करते हुए 23 नवंबर को मतदान होने की घोषणा की थी। लेकिन, कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के साथ-साथ कई मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उस दौरान राज्य में बड़े पैमाने पर होने वाली शादियों और सामाजिक कार्यक्रमों का हवाला देते हुए आयोग से राजस्थान विधानसभा चुनाव की तारीख बदलने की मांग की जा रही थी।

यह तर्क दिया जा रहा था कि उस दौरान बड़े पैमाने पर शादियों और त्योहार के कारण न केवल मतदान का प्रतिशत कम रह सकता है, चुनाव के इंतजाम में भी लॉजिस्टिक की समस्या खड़ी हो सकती है। चुनाव आयोग ने इन फैक्टर्स को ध्यान में रखते हुए अब राज्य में 23 नवंबर की बजाय 25 नवंबर को मतदान करवाने का फैसला किया है। मतगणना की तारीख पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 3 दिसंबर ही रखी गई है।

दरअसल, 23 नवंबर को देवोत्थान एकादशी होने के कारण राज्य में बड़े पैमाने पर शादियां और अन्य धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। इसका हवाला देते हुए भाजपा और राज्य के कई अन्य सामाजिक संगठनों ने चुनाव आयोग से विधानसभा चुनाव की तारीख बदलने का अनुरोध किया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद पीपी चौधरी ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखकर शुभ मुहूर्त प्रतीक देवोत्थान एकादशी को देखते हुए राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 की तारीख में बदलाव की मांग की थी।

राज्य में कुल 5 करोड़ 27 लाख से अधिक मतदाता हैं। इसमें 2 करोड़, 75 लाख से अधिक पुरुष और 2 करोड़ 51 लाख से अधिक महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि 1 लाख 41 हजार 898 सर्विस मतदाता भी हैं। प्रदेश में कुल 51 हजार 756 मतदान केंद्र हैं, जिनमें 10 हजार 415 शहरी तथा 41 हजार 341 ग्रामीण इलाकों में स्थित हैं। 18 से 19 वर्ष आयु के लगभग 22 लाख युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दो सौ सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत 30 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन दाखिल करने का काम शुरू हो जाएगा। राज्य में 6 नवबंर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 7 नवबंर को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 9 नवम्बर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। प्रदेश की 200 विधानसभा सीटों में 34 अनुसूचित जाति, 25 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं, वहीं 141 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं।

# राजस्थान राइफल संघ के कोच पर महिला निशानेबाजों से दुष्कर्म और छेड़छाड़ का मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान राइफल संघ (आरआरए) के एक कोच के खिलाफ पांच महिला निशानेबाजों से कथित बलात्कार और छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पीड़ितों की ओर से संघ के संयुक्त सचिव की शिकायत के आधार पर जयपुर के मालवीय नगर थाने में रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि महिला खिलाड़ियों की ओर से दर्ज प्राथमिकी के अनुसार कोच शशिकांत शर्मा पर आरोप है कि उन्होंने कई सालों तक दो खिलाड़ियों से दुष्कर्म किया और तीन अन्य का यौन शोषण किया। पुलिस ने बताया कि इटली में आयोजित 'ग्रीन कप टूर्नामेंट' के दौरान कोच ने कथित तौर पर एक खिलाड़ी को अपने साथ कमरा साझा करने के लिए मजबूर किया था।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि 'दर्ज प्राथमिकी' में पीड़ित लड़कियों ने आरोप लगाया कि कोच कई सालों से उनका यौन उत्पीड़न कर रहा है। उन्होंने कहा कि आठ अक्टूबर को आरोपी कोच के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), 354 (छेड़छाड़), 506 (आपराधिक धमकी), 504 (जानबूझकर अपमान), 509 (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि इसके आलवा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

मालवीय नगर थानाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा,हमने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। चूंकि लड़कियों में से एक नाबालिग है, इसलिए कोच के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत भी आरोप दर्ज किया गया है। पीड़ितों का बयान दर्ज किया गया है और मेडिकल जांच होनी बाकी है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि कई खिलाड़ियों के साथ कोच ने अनुचित व्यवहार किया। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि कोच ने खिलाड़ियों को गलत तरीके से छुआ और उन्हें अपने साथ कमरा साझा करने के लिए मजबूर किया।

खिलाड़ियों ने इस मामले की शिकायत पहले राजस्थान राइफल संघ (आरआरए) और भारीय राष्ट्रीय राइफल संघ से की थी। आरआरए के संयुक्त सचिव महिपाल सिंह राठौड़ ने रविवार को पीड़ितों की ओर से कोच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस ने बताया कि कोच को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## डूंगरपुर में अधिशासी अभियंता 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बुधवार को डूंगरपुर जिला परिषद के अधिशासी अभियंता को परिवादी से 45 हजार रुपये की कथित रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया। ब्यूरो के यहां जारी बयान के अनुसार, परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई कि मनरेगा के तहत कार्य का आवेदन करने पर कार्यालय जिला परिषद डूंगरपुर के अधिशासी अभियंता अजय भार्गव ने कार्य स्वीकृति हेतु 80 हजार रुपये रिश्वत राशि के रूप में मांगे हैं।

आरोपी ने परिवादी से कुल 20 हजार रुपये पहले ही ले लिये थे। टीम ने बुधवार को जाल बिछाया और आरोपी अधिशासी अभियंता अजय भार्गव को परिवादी से 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## राजस्थान में पहली बार अनिवार्य सेवाओं की श्रेणी में मीडियाकर्मी शामिल : गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी तेईस नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में सर्विस वोटर्स के अलावा अन्य आठ विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा होगी और इसमें पहली बार मीडियाकर्मियों को भी शामिल किया गया है।

इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी की है। बिजली- पानी, रोडवेज-मेट्रो, डेयरी, फायर फाइटर चिकित्सा शिक्षा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी इसमें शामिल है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग से जारी आदेशों के मुताबिक मेडिकल सेक्टर में डॉक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस कर्मचारी, ऊर्जा विभाग में इलेक्ट्रिशियन, लाइन मैन, पीएचईडी में पम्प ऑपरेटर, टर्नर, राजस्थान की दुग्ध समितियों में काम करने वाले कर्मचारी, रोडवेज में ड्राइवर-कंडक्टर और निर्वाचन आयोग से अधिकृत मीडिया कर्मचारियों को इस साल से पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) के जरिए वोटिंग की सुविधा दी जाएगी।

गुप्ता ने बताया कि सर्विस वोटर्स की श्रेणी में पहली बार पत्रकारों को शामिल किया गया है। अभी तक सर्विस वोटिंग की सुविधा चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों-अधिकारियों, सेना या पैरा मिलिट्री से जुड़े जवानों को ही मिलती थी। उन्होंने बताया कि इन सभी अनिवार्य सर्विस वालों को अब से पोस्टल बैलेट की सुविधा दी गई है। संबंधित विभाग बताएंगे कि उनके यहां कितने ऐसे कर्मचारी है जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वो उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में कारगर साबित हो रहा है 'सी-विजिल' एप

जयपुर/दक्षिण भारत। विधानसभा आम चुनाव-2023 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए 'सी विजिल' एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है।

एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2023 में यह एप खासा मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के महज 48 घंटे में प्रदेश भर से 500 से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से रिटर्निंग ऑफिसर्स ने 134 शिकायतों को सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। 115 शिकायतें रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा खारिज की गई, जबकि 6 शिकायतें अभी जांच दलों और रिटर्निंग ऑफिसर्स के द्वारा निर्णय के लिए लंबित हैं। शेष 242 शिकायतों को जिला नियंत्रण कक्ष की टीम ने अपने स्तर पर खारिज कर दी।

गुप्ता ने कहा कि सीविजिल पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा शिकायतें 79 जयपुर जिले से प्राप्त हुईं। और सबसे ज्यादा कार्यवाही भी जयपुर जिले के रिटर्निंग आफिसर्स ने की यहां 37 शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि इस एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जा सकता है।

## किशनगढ़ हवाईअड्डे से 29 से शुरू होगी नई हवाई सेवा

अजमेर। राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ हवाईअड्डे से नई हवाई सेवा 29 अक्टूबर से शुरू होगी। किशनगढ़ हवाईअड्डे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हवाई सेवा प्रदाता कम्पनी स्टार एयर ने किशनगढ़- पूना तथा किशनगढ़-जोधपुर हवाई सेवा शुरू करने की तारीख और शिड्यूल जारी किया है। लम्बे समय से हवाई अड्डा यात्रियों के लिये 'तरस' रहा था , लेकिन अब फिर से हवाई अड्डे पर रौनक लौटेगी । स्टार एयर की ओर से जारी शिड्यूल के अनुसार 29 अक्टूबर को यात्री विमान पूना से किशनगढ़ के लिए सुबह 8.15 पर रवाना होगा और 10 बजे किशनगढ़ पहुंचेगा। वापसी में किशनगढ़ से शाम 7.15 पर रवाना होकर रात 9 बजे पूना पहुंच जायेगा।

## राजस्थान में एमएसपी के लिए किसान लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

पाली/दक्षिण भारत। राजस्थान में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की गारंटी के कानून के लिए विधानसभा चुनाव लड़ने का निश्चय किया है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर देश की खुशहाली के लिए एमएसपी पर खरीद की गारंटी के लिए पाली जिले के सोजत में बुधवार को किसानों ने अबकी बार एमएसपी सरकार के आधार पर चुनाव लड़ने का शंखनाद किया। इसके लिए सोजत विधानसभा के सैकड़ों किसान कार्यालय उपखंड अधिकारी के सामने एकत्र हुए। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने देश की खुशहाली के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी के कानून को अपरिहार्य बताया तथा उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की खुशहाली के लिए किसान की एमएसपी अनिवार्य शर्त है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान भारत की समृद्धि का रास्ता खेत और खलिहान की पगडंडी में होकर जाता है। सभा का आयोजन किसान महापंचायत के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष भरत लाल चौधरी ने किया। सभा को संबोधित करने वालों में किसान महापंचायत के प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बैरवा, दूदू जिले से उपखंड मोजमाबाद के संयोजक बजरंग लाल जाजुंदा, मोड सिंह भाटी पूर्व सरपंच, ढगला राम पूर्व सरपंच, मिश्रीलाल पूनिया सहित कई किसानों ने किया।

# हर बार 'सरकार' बदलने की 'परिपाटी' में सत्तारूढ़ कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधी लड़ाई

विधानसभा चुनाव



**राज्य में 1993 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद का इतिहास कहता है कि उसके बाद हर विधानसभा चुनाव में एक बार कांग्रेस तो एक बार भाजपा को सत्ता की बागडोर मिलती रही है। यानी कोई भी पार्टी लगातार दो बार सरकार नहीं बना पाई। इस 'परिपाटी' के लिहाज से इस बार सत्ता में आने की 'बारी' भाजपा की है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में पिछले लगभग तीन दशक से हर विधानसभा चुनाव में 'सरकार' बदलने की 'परिपाटी' है और यहां एक बार फिर सत्तारूढ़ कांग्रेस व विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला रहने की संभावना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले महीने कहा था कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव में मुकाबला बहुत करीबी रहेगा। यह कहते हुए उन्होंने एक तरह से संकेत दिया कि वह राजस्थान में अपनी पार्टी के दोबारा सरकार बनाने को लेकर अन्य राज्यों की तुलना में अधिक आश्वस्त नहीं हैं। राज्य की 'परिपाटी' को देखते हुए हो सकता है कि कांग्रेस नेता का यह आकलन सही साबित हो।

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को नई दिल्ली में 2023 के विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। इसके अनुसार राज्य की सभी 200 विधानसभा सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा जबकि वोटों की गनिती तीन दसिंबर को मतगणना होगी। राज्य में 1993 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद का इतिहास कहता है कि उसके बाद हर विधानसभा चुनाव में एक बार कांग्रेस तो एक बार भाजपा को सत्ता की बागडोर मिलती रही है। यानी कोई भी पार्टी लगातार दो बार सरकार नहीं बना पाई। इस 'परिपाटी' के लिहाज से इस बार सत्ता में आने की 'बारी' भाजपा की है। यह समीकरण उस समय बन रहा है जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेता राज्य में 'डबल इंजिन की सरकार' बनाने की अपील कर रहे हैं ताकि केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार हो और विकास को गति दी जा सके। वहीं कांग्रेस नेताओं का दावा है कि इस बार राज्य का 'रिवाज' टूटेगा। यानी एक बार फिर कांग्रेस की सरकार आएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कई बार कह चुके हैं कि पहली बार राज्य में सरकार के खिलाफ कोई 'सत्ता विरोधी लहर' देखने को नहीं मिली है। गहलोत पिछले कई महीनों से लगातार एक के बाद एक कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा कर काम पर जुटे हैं। वे बार बार दावा करते हैं कि उनकी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के 'हर गांव, हर परिवार' तक पहुंचा।

गहलोत की कुछ चर्चित कल्याणकारी योजनाओं में 'चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' के तहत 25 लाख रुपये का बीमा, 'शहरी रोजगार गारंटी योजना', सामाजिक सुरक्षा के रूप में 1,000 रुपये की पेंशन और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए केवल 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर शामिल हैं। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को इन कल्याणकारी योजनाओं के लिए महंगाई राहत शिविरों में पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया और योजनाओं को पूरा करने के 'गारंटी कार्ड' दिए।

वहीं राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए उन्होंने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का बड़ा दांव चला। यदि सरकारी कर्मियों के परिवारों को भी इसमें शामिल कर लिया जाए तो पुरानी पेंशन योजना की बहाली से लगभग 35 लाख लोगों को लाभ होगा। वहीं चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले उन्होंने राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया। अपनी कल्याणकारी योजनाओं को पेश करने के अलावा कांग्रेस पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को एक प्रमुख मुद्दा बनाने के लिए तैयार है। पार्टी केंद्र पर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का अपना 'वादा' नहीं निभाने का आरोप लगा रही है। गहलोत आरोप लगाते रहे हैं कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और जोधपुर से सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने इसके लिए 'पर्याप्त कोशिश' नहीं की।

## मुलाकात



जयपुर में बुधवार को विद्याधर नगर में व्यापारी और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता से मुलाकात करती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।

# मिशन रोजगार के अंतर्गत युवाओं को सरकारी नौकरी और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मथुरा/लखनऊ/भाषा।** विपक्षी दलों में भगदड़ मची होने का दावा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि चुनाव के समय विपक्षी पार्टियों को जाति की याद आती है जबकि बाकी साढ़े चार साल वे सोती रहती हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में 'स्किल डेवलपमेंट मिशन' के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं तथा मिशन रोजगार के अंतर्गत युवाओं को सरकारी नौकरियों और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीयता के भाव के साथ भारत एक नई ऊंचाई की ओर आगे बढ़ रहा है।

एक सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला एवं विराट किसान संगोष्ठी को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित रहने का दावा करते हुए कहा कि उन्होंने हर हाथ को काम और हर खेत को पानी का नारा दिया था तथा डबल इंजन की सरकार उनके संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी भाव के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारत को समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांव, किसान, नौजवान और महिलाओं को माध्यम बनाया है, जिसके परिणाम आज सामने हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती माता के स्वास्थ्य की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की और केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद 2014 में 'स्वायल हेल्थ कार्ड' की व्यवस्था की गई।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन न आएं 'प्रोटोकॉल' धारी : राय



**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के दृष्टिगत श्री राम रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुधवार को सलाह दी कि जिन लोगों के पास प्रोटोकॉल है, उन्हें 22 जनवरी को प्रतिष्ठा समारोह के दिन अयोध्या नहीं आना चाहिए। ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने कहा कि मुख्यमंत्री, राज्यपाल और देशों के राजदूत जैसे संवैधानिक प्रोटोकॉल वाले लोगों को प्रतिष्ठा समारोह के दिन अयोध्या नहीं आना चाहिए, ताकि राम मंदिर समारोह में किसी को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

राय ने कहा, हम 22 जनवरी को उनकी सेवा नहीं कर पाएंगे और मुझे लगता है कि यहां का स्थानीय प्रशासन भी उनकी देखभाल नहीं कर पाएगा। सचिव ने कहा, अगले साल प्रतिष्ठा समारोह समाप्त होने के बाद 26 जनवरी से 22 फरवरी तक देश के हर प्रांत से लोग अयोध्या आएंगे। जिस दिन किसी भी राज्य के लोग आ रहे हों, उस दिन उस राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं को आना चाहिए। उन्होंने कहा, अयोध्या आने वाले लोगों को भोजन और आवास तो मिलेगा, लेकिन वह सुविधा होटल जैसी नहीं होगी। श्री राम ने वनवास में कंद-मूल वाले फल खाए थे। हम उनसे बेहतर भोजन देंगे। पांच नवंबर को सभी प्रांतों से विहिप के प्रतिनिधियों को अयोध्या बुलाया गया है। उन्होंने कहा, प्रत्येक प्रतिनिधि को भगवान राम द्वारा पूजित चावल का पांच किलो का पैकेट दिया जाएगा। प्रांत के प्रतिनिधि अपनी आवश्यकता के अनुसार इसे अक्षत मिलायेंगे तथा अपने मंदिर में पूजा कर उसे जिलों के प्रतिनिधियों को देंगे।



# अखिलेश ने बंद फाटक फांदकर जयप्रकाश नारायण को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां गोमती नगर इलाके में स्थित जेपीएनआईसी के परिसर में मुख्य फाटक को फांदकर प्रवेश किया और जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर समाजवादी पार्टी (सपा) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में पूर्व मुख्यमंत्री को जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) के मुख्य फाटक को फांदकर अंदर प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। उनके समर्थक भी फाटक पार करके उनके पीछे जाते दिख रहे हैं।

'एक्स' पर समाजवादी पार्टी ने साझा किए गए वीडियो के साथ लिखा, भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ समाजवादी लोग लड़ते रहेंगे। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने जेपीएनआईसी में लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। 'एक्स' पर साझा किए गए एक अन्य वीडियो में अखिलेश गुलाब की पंखुड़ियों को जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर चढ़ाते हुए दिख रहे हैं। जेपीएनआईसी में माल्यार्पण के बाद पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें दुख इस बात का है कि पुलिस लगाकर उनको रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी उन्हें परिसर में प्रवेश करने की अनुमति देने के लिए तैयार नहीं थे और सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को पता नहीं था कि उन्हें किससे अनुमति लेनी चाहिए।

यादव ने कहा कि जनता को पता होना चाहिए कि सपा कार्यकर्ताओं को जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देने से कौन रोक रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी लोग हर साल जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते आए हैं, लेकिन इस बार उन्हें जेपीएनआईसी का फाटक फांदने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने याद किया कि जेपीएनआईसी के उद्घाटन में 'नेता जी' (मुलायम सिंह यादव) आए थे। जेपीएनआईसी का उद्घाटन आज ही के दिन 2016 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव ने किया था। केंद्र में जयप्रकाश नारायण व्याख्यान केंद्र (संग्रहालय) है।

## बांके बिहारी मंदिर के सिबायत के कामकाज में दखल नहीं देगी सरकार

**प्रयागराज (उप्र)/भाषा।** मथुरा के वृंदावन में स्थित बांके बिहारी मंदिर के लिए गलियारा निर्माण के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कहा कि वह भक्तों के चढ़ावे के पैसे से इस गलियारा का निर्माण करना चाहती है लेकिन वह सिबायत (गोस्वामी परिवार) के कामकाज में दखल नहीं देने जा रही।

मुख्य न्यायाधीश प्रितिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने मथुरा के आनंद शर्मा और एक अन्य व्यक्ति की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इस मामले में अगली तारीख 30 अक्टूबर तय की। जनहित याचिका में बांके बिहारी मंदिर में भगदड़ की घटना की जांच कराने की मांग की गई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि सरकार इस गलियारा का निर्माण भगवान को चढ़ाए गए पैसों से करना चाहती है। सरकार के इस कथन का गोस्वामी परिवार द्वारा विरोध किया गया। तब सरकार की ओर से कहा गया कि वह सिबायत (गोस्वामी परिवार) के कामकाज में दखल देने नहीं जा रही है। अदालत ने सिबायत द्वारा इस मामले में पक्षकार बनाए जाने के आवेदन पर अपना आदेश आज सुरक्षित रख लिया।

इससे पूर्व, अदालत को बताया गया था कि राज्य सरकार बांके बिहारी मंदिर के पास पांच एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर एक गलियारे का निर्माण करने की योजना बना रही है जिससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं दी जा सकें। इसके बाद, गोस्वामी परिवार द्वारा पक्षकार बनने का एक आवेदन दाखिल कर इस योजना पर यह कहते हुए आपत्ति जताई गई थी कि यह एक निजी मंदिर है और सरकार द्वारा इसमें हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है।

# वोट बैंक की राजनीति के कारण इजराइल पर आतंकी हमले की निंदा करने में कांग्रेस विफल : सूर्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के कारण इजराइल पर आतंकवादी हमले की उचित निंदा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर बुधवार को संवाददाताओं से बात करते हुए सूर्या ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की भर्ती में कथित घोटाले को लेकर भी सत्ताधारी दल कांग्रेस की आलोचना की। सूर्या भाजयुमो की प्रदेश इकाई की एक कार्यशाला को संबोधित करने के लिए छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर हैं।

इजराइल पर हमले और भारत द्वारा इसकी निंदा पर पूछे गए सवाल के जवाब में सूर्या ने कहा, इजराइल में जो हुआ वह एक क्रूर आतंकवादी हमला है। छोटे-छोटे बच्चों और हजारों लोगों पर बर्बर तरीके से हमला किया गया। हमें हमास और फलस्तीन के बीच भ्रमित नहीं होना चाहिए। हमास लश्कर-ए-तैयबा या आईएसआईएस की तरह एक आतंकवादी संगठन है।

उन्होंने कहा, आज की सभ्य दुनिया में आतंकवाद को एक इंच भी जगह नहीं दी जानी चाहिए। दुखद बात यह है कि ऐसी स्थिति में जब पूरी दुनिया हमास द्वारा किए गए आतंकी हमले की निंदा करने में एकजुट है, कांग्रेस पार्टी अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण अपने प्रस्ताव में इसकी उचित निंदा करने में विफल रही। उन्होंने कहा कि भाजयुमो युवाओं के न्याय के लिए लड़ेगा क्योंकि वे कांग्रेस सरकार के कुशासन से सबसे अधिक प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि भाजयुमो राज्य में विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करेगा।

सूर्या ने कहा, छत्तीसगढ़ की मेरी दो यात्राओं के दौरान मुझे भाजयुमो द्वारा मुख्यमंत्री निवास के घेराव प्रदर्शन में भाग लेने का अवसर मिला। अब हम यहां मुख्यमंत्री निवास के भीतर भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करने का संकल्प लेने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने कहा, युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ में युवाओं के हित से जुड़े मुद्दे उठाता रहा है, खासकर सीजीपीएससी भर्ती में कथित घोटाले के मुद्दे को उठाकर युवाओं के लिए न्याय मांगने का काम युवा मोर्चा ने किया था। मुझे बेहद खुशी और गर्व है कि युवा मोर्चा द्वारा उठाए गए कथित पीएससी घोटाले के मुद्दे का परिणाम आया और अदालत (छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय) ने स्थगन आदेश दिया है। मेरा मानना है कि भविष्य में देश की हर राज्य सरकार, चाहे वह छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक (कांग्रेस शासित राज्यों का जिक्र) हो, को अपनी पीएससी प्रणाली में सुधार लाने का अवसर मिलेगा।

# भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाले अधिकारियों को धमकाती है सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राजमार्ग परियोजनाओं और आयुष्मान भारत योजना में कथित घोटालों का खुलासा करने वाले अधिकारियों को धमका रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के उन तीन अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है जिन्होंने इन परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार को उजागर किया था। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन अधिकारियों के तबादले का आदेश रद्द किया जाए।

रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार सच को छुपाने और डराने-धमकाने के लिए माफ़िया की तरह काम करती है। यदि कोई उसके भ्रष्टाचार के तौर-तरीकों को सामने लाता है, तो या तो उसे धमकी दी जाती है या हटा दिया जाता है। उसके ताज़ा शिकार कैग के तीन अधिकारी हैं, जिन्होंने संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश की गई एक रिपोर्ट में सरकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर घोटालों का ख़ुलासा किया था। उन्होंने दावा किया, रिपोर्ट में अवसंरचना और सामाजिक योजनाओं में घोटाले को उजागर किया गया था।

## चाय बोर्ड ने सर्दियों में विनिर्माण इकाइयों को बंद करने का दिया आदेश

**कोलकाता/भाषा।** चाय बोर्ड ने अगले साल की पहली छमाही में बेहतर फसल के लिए उत्तर भारत में सर्दियों में चाय उत्पादक क्षेत्रों में विनिर्माण इकाइयों को बंद करने का आदेश दिया है। बोर्ड के आदेश के अनुसार दार्जिलिंग, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सभी चाय कारखानों के लिए हरी पत्तियां तोड़ने या लेने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर तय की गई है। वहीं पश्चिम बंगाल के दुआर तथा तराई क्षेत्र और बिहार के लिए तारीख 23 दिसंबर है। दार्जिलिंग, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कारखानों में हरी पत्ती के प्रसंस्करण की अंतिम तारीख 13 दिसंबर, जबकि तराई, दुआर और बिहार के लिए तारीख 26 दिसंबर है।

आदेश में कहा गया कि दार्जिलिंग, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के लिए छंटाई, पैकिंग और पैक की गई चाय को अधिसूचित भंडारण क्षेत्रों में बिल मार्किंग के साथ ले जाने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर होगी। पश्चिम बंगाल के दुआर तथा तराई क्षेत्र और बिहार में सीटीसी किस्म के लिए छह जनवरी 2024 और हरी चाय किस्मों के लिए 11 जनवरी 2024 की तारीख तय की गई है। चाय उद्योग के अनुसार 'विंटर डॉर्मेंसी' (शीतकालीन प्रसुप्तावस्था) के कारण चाय बागानों का बंद किया गया है। इस अवधि में चाय की झाड़ियां बढ़ती नहीं हैं।

## ईदगाह मस्जिद को कृष्ण जन्मभूमि घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज

**प्रयागराज/भाषा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें मथुरा के शाही ईदगाह मस्जिद स्थल को कृष्ण जन्मभूमि घोषित करने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने महक माहेश्वरी और अन्य की जनहित याचिका पर यह आदेश पारित किया। इस जनहित याचिका में दलील दी गई थी की विभिन्न 'टेक्स्ट' में उसे कृष्ण जन्मभूमि स्थल के तौर पर दर्ज किया गया है। याचिका में यह भी दलील दी गई कि वह एक उचित मस्जिद नहीं है क्योंकि इसका निर्माण बलपूर्वक अधिग्रहित जमीन पर किया गया है।

# ओडिशा रेल हादसा : चार माह बाद स्वयंसेवक समूह की महिलाओं ने 28 अज्ञात शवों की अंत्येष्टि की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के बालासोर जिले में हुए भीषण रेल हादसे के चार महीने बाद महिला स्वयंसेवकों की मदद से 28 अज्ञात शवों की अंत्येष्टि प्रक्रिया बुधवार को पूरी कर ली गई।

अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन शवों के लिए किसी ने दावा नहीं किया था। भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) की महापौर सुलोचना दास ने कहा कि रेल हादसे के बाद अज्ञात शवों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया मंगलवार शाम को शुरू हुई, जो बुधवार को सुबह करीब आठ बजे तक पूरी कर ली गई। दास ने कहा कि महिला स्वयंसेवकों ने अंतिम संस्कार में सक्रिय रूप से भाग लिया। महापौर ने कहा, तमाम बंधनों के बावजूद महिला स्वयंसेवक अज्ञात शवों की अंत्येष्टि के लिए आगे आईं और चिताओं को अग्नि को समर्पित किया। उन्हें यह भी नहीं पता कि मृतक किस धर्म से थे, वे पुरुष थे या महिला। उन्होंने कहा कि सभी शवों को बर्फ के एक बक्से में चार महीने से भी अधिक समय से संरक्षित करके रखा गया था। दास ने बताया कि शवों का बीएमसी द्वारा भरतपुर श्मशान गृह में अंतिम संस्कार किया गया। पहले तीन शवों का अंतिम संस्कार करने वाली मधुस्मिता प्रुस्टी (37), स्मिता मोहंती (53) और स्वागतिका राव (34) ने किया। प्रुस्टी ने कहा, अज्ञात शवों के लिए यह पवित्र अनुष्ठान करने के वास्ते हम स्वयं आगे आए।

## ऐतिहासिक अवसर, गर्व का पल : राष्ट्रपति मुर्मू से पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों ने कहा

**श्रीनगर/भाषा।** कश्मीर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों ने कहा कि यह एक 'ऐतिहासिक अवसर' है तथा इससे उन्हें और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। छात्र मुदस्सिर मुश्ताक ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह मेरे लिए गर्व का क्षण है, हमें अपनी कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है। भारत की राष्ट्रपति हमें प्रमाण पत्र और पदक देने के लिए यहां आईं। मुझे बहुत गर्व है और स्वर्ण पदक व अन्य पदक प्राप्त करना हमारे लिए एक शानदार पल है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन और उनसे बनने वाला माहौल अन्य छात्रों को कड़ी मेहनत करने का आत्मविश्वास देता है। मुश्ताक ने कहा, राष्ट्रपति का यहां आना एक ऐतिहासिक अवसर है।

पीएचडी शोधार्थी तारिक अब्दुल्ला ने कहा कि किसी भी छात्र के लिए राष्ट्रपति से पदक प्राप्त करना गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, यह किसी भी छात्र के जीवन का एक महान क्षण होता है जब आपको आपकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाता है। इसलिए, यह वास्तव में गर्व का क्षण है। ये छात्रों के लिए यादगार दिन है।

# दुनिया के अनुसरण का एक मॉडल बन गई है भारत की अर्थव्यवस्था : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को 0.2 प्रतिशत बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत किए जाने पर बुधवार को कहा कि यह इस बात पर मुहर है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तथा यह दुनिया के लिए अनुसरण का एक मॉडल बन गई है।

पार्टी प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए नेतृत्व जो कदम उठाए गए हैं उसका परिणाम है कि 10 वर्ष पहले पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिने जाने वाली भारत की अर्थव्यवस्था आज इस स्थिति में पहुंची है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि मोदीनॉमिक्स पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। इस्लाम का कहना था, दुनिया ने माना है कि भारत का मौजूदा नेतृत्व न केवल अर्थव्यवस्था को समझता है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया के लिए अनुसरण का एक मॉडल भी बना रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व की अर्थव्यवस्था ऐतिहासिक रूप से 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

## मथुरा में रिफाइनरी की पाइप लाइन से तेल चुराने वाले दो अभियुक्त पकड़े गए

**मथुरा (उप्र)/भाषा।** मथुरा जनपद में पुलिस ने दो बदमाशों को तेलशोधक कारखाने की पेट्रोलियम पदार्थ आपूर्ति की पाइप लाइन में सेंध लगाकर तेल चुराने के आरोप में पकड़ा है। दोनों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किए जाने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण बिसेन ने बताया कि मंगलवार को फरह पुलिस को मिली खुफिया सूचना के आधार पर बबलू उर्फ विवेक एवं राकेश सिंह को मथुरा को सेरसा से मालगांव जाने वाले रास्ते पर बंबे के समीप गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों के पास से खुदाई के लिए प्रयोग में आने वाला फावड़ा एवं एक तमंचा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें मजिस्टेऋट के समक्ष पेश किया गया और वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# कोटला स्टेडियम के बाहर और अंदर कोहली की धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय टीम विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बुधवार को यहां जब अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरी तो फिरोजशाह कोटला क्रिकेट स्टेडियम के अंदर और बाहर प्रशंसकों में पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की दीवानगी दिखी। स्टेडियम के अंदर भी दर्शक कोहली-कोहली का नारा लगाते दिखे।

कोहली के पोस्टर के साथ यहां पहुंचे चंद्रशेखर पटेल नाम के प्रशंसक ने कहा कि वह विराट कोहली को खेलते हुए देखने के लिए मध्यप्रदेश के जबलपुर से यहां आए है। उन्हें उम्मीद है कोहली इस मैच शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड के और करीब पहुंचेंगे। स्टेडियम के बाहर सड़क किनारे भारतीय टीम की जर्सी बेचने वालों के पास कोहली के नाम वाली टी-शर्ट खरीदने भी भीड़ थी। इन विक्रेताओं को भी दिल्ली में भारतीय टीम के इकलौते मैच से बंपर बिक्री की उम्मीद है।

मुंबई से यहां भारतीय टीम की जर्सी बेचने आए इमरान ने बताया कि उनके पास टीम के सभी खिलाड़ियों के नाम और नंबर की जर्सी है लेकिन 90 प्रतिशत से ज्यादा दर्शक कोहली के नाम की जर्सी की मांग कर रहे हैं। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का 'क्रेज' अब भी बरकरार है। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।



इमारन ने कहा, मैं आठ अक्टूबर को चेन्नई में था वहां धोनी, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, कोहली और रोहित शर्मा के नाम वाली जर्सी की लगभग बराबर मांग थी लेकिन दिल्ली में मामला बिलकुल अलग है। यहां 90 प्रतिशत से ज्यादा लोग कोहली की जर्सी की मांग कर रहे हैं। कोहली के बाद धोनी और कप्तान रोहित शर्मा के नाम वाली टी-शर्ट की सबसे ज्यादा मांग है। धोनी की सात नंबर की जर्सी पहन कर यहां पहुंचे आदर्श शर्मा ने कहा, मैं धोनी का प्रशंसक हूं। भारतीय टीम में उनकी कमी खलती है लेकिन स्टेडियम में उनकी मौजूदगी को सुनिश्चित करने के लिए मैं हमेशा उनके नाम की जर्सी पहनता हूं।

दिल्ली के शिव मंडोत यहां भारतीय ध्वज बेचने के साथ लोगों के चेहरे पर तिरंगा बना रहे थे। उन्होंने कहा, विश्व कप में हमारी कमाई की सारी उम्मीदें इसी मैच से है क्योंकि दिल्ली में भारतीय टीम का यह इकलौता मैच है। मैं सात अक्टूबर (दक्षिण अफ्रीका बनाम श्रीलंका मैच) को भी यहां था लेकिन तब कोई जोश नहीं दिखा। उम्मीद है कि आज पांच-सात हजार रुपए की कमाई कर लूंगा।

दिल्ली के शास्त्री नगर की सरोज वर्मा गर्मी और उमस के बाद भी अपने 11 साल के बेटे और छह साल की बेटी साथ मैच देखने पहुंची। उन्होंने कहा कि उनके उनके पति ने किसी तरह से टिकट का जुगाड़ किया।

सरोज ने कहा, मेरा पूरा परिवार क्रिकेट का प्रशंसक है। बच्चों की जिद के कारण मेरे पति ने किसी तरह से तीन टिकट का जुगाड़ किया, एक और टिकट मिलता तो वह भी हमारे साथ यहां आते। हम नहीं चाहते थे कि बच्चों को इस बात का मलाल रहे कि वह विश्व कप में विराट कोहली और रोहित शर्मा को खेलते हुए नहीं देख सकें। उन्होंने कहा, मेरी छह साल की बेटी रोहित शर्मा की प्रशंसक है और मेरे बेटे को विराट कोहली ज्यादा पसंद है। भारतीय टीम के मैच के दिन दोनों के बीच अपने चहेते खिलाड़ी को लेकर नोकझोंक चलती रहती है।

# बिहार संग्रहालय ने प्राचीन कलाकृतियों के वैज्ञानिक संरक्षण का फैसला किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार संग्रहालय ने 1912 में कुम्हरार इलाके में खुदाई के दौरान मिले मौर्यकालीन 'रथ के पहिये' और आभूषणों सहित कुछ प्राचीन कलाकृतियों का वैज्ञानिक संरक्षण करने का फैसला किया है ताकि उनके क्षरण को रोका जा सके। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कुम्हरार, प्राचीन शहर पाटलिपुत्र का उत्खनन स्थल है। संग्रहालय शुंग राजवंश की लोहे और तांबे से बनी मूर्तियों का भी वैज्ञानिक संरक्षण करेगा। बिहार संग्रहालय की प्राचीन कलाकृतियों का वैज्ञानिक संरक्षण चरणबद्ध तरीके से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जाएगा।

देश के सबसे बड़े संग्रहालयों में शुमार बिहार संग्रहालय में भारत के प्रमुख राजवंशों – मौर्य, नंद, शुंग और शिशुनाग – से संबंधित वस्तुएं हैं।

बिहार संग्रहालय के अतिरिक्त निदेशक रणबीर सिंह राजपूत ने पीटीआई-भाषा से कहा, हां, बिहार संग्रहालय ने अपनी प्राचीन कलाकृतियों के वैज्ञानिक संरक्षण का फैसला किया है, जिनमें मौर्य काल के 'रथ के पहिये' और 1912 में कुम्हरार में खुदाई के दौरान मिले लोहे एवं तांबे से बने लगभग 500 आभूषणों के अलावा शुंग वंश की लोहे और तांबे की 20 मूर्तियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, ऐसा उनके और अधिक क्षरण को रोकने के लिए किया जाएगा। वैज्ञानिक संरक्षण एएसआई द्वारा किया जाएगा। बिहार संग्रहालय और एएसआई जल्द ही इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेंगे। जहां तक 1912 में कुम्हरार में खुदाई के दौरान मिले आभूषणों और शुंग वंश की मूर्तियों का सवाल है, उन्हें बिहार संग्रहालय के भंडार में रखा गया है और उनके वैज्ञानिक संरक्षण के बाद ही उन्हें प्रदर्शित किए जाने की संभावना है।

## सुविचार

मुस्कुराते इंसान की कभी जेबें टटोलना, हो सकता है उसका रुमाल गिला मिले।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बुरे काम का बुरा नतीजा

बड़े-बुजुर्गों ने सत्य कहा है- 'बुरे काम का बुरा नतीजा।' पठानकोट हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता और कुख्यात आतंकवादी शाहिद लतीफ की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना के बाद इन शब्दों पर विश्वास और मजबूत हो जाता है। इन्सान को अपने कर्मों को लेकर बहुत सजग रहना चाहिए। अगर आज वह किसी निर्दोष को सता रहा है, किसी का हक मार रहा है, जानबूझकर नुकसान पहुंचा रहा है तो उसे इस ग़लतफ़हमी में नहीं रहना चाहिए कि वह हमेशा सुरक्षित रहेगा। कर्म की गति ऐसी है कि उसका परिणाम किसी न किसी रूप में जरूर मिलता है। भले ही वह शख्स मजबूत किलेबंदी करके बैठ जाए। शाहिद लतीफ जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा था। जब वर्ष 2016 के आगमन पर दुनिया नए साल की खुशियां मना रही थी, यह आतंकवादी पठानकोट स्थित भारतीय वायुसेना अड्डे पर हमले की साजिशों को अंजाम दिलवा रहा था। भारतीय सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में चार आतंकवादी मारे गए थे, लेकिन हमले के असल गुनहगार तो सरहद पार थे। वे यह भ्रम पाले बैठे थे कि हमारा कोई क्या बिगाड़ लेगा! भारत पर हुए अन्य आतंकी हमलों के गुनहगार और अशांति फैलाने वाले तत्त्व भी यह सोचकर ख़ुश थे कि हम तो आईएसआई की छत्रछाया में बैठे हैं, यहां कोई नहीं पहुंच सकता। वे यह भूल गए थे कि कर्मफल सब जगह पहुंच जाता है। शाहिद लतीफ से पहले (सितंबर में) पीओके में आतंकवादी रियाज़ अहमद उर्फ अबू कासिम को अज्ञात हमलावरों ने मार गिराया था। वह लश्कर आतंकवादी ढांगरी हमले समेत कई वारदातों में शामिल रहा था। वहीं, अल-बद्र के कमांडर सैयद खालिद रजा और जैश-ए-मोहम्मद के मिस्त्री जहूर इब्राहिम कराची में इसी तर्ज पर मारे जा चुके हैं। ये आतंकवादी आईसी 814 विमान के अपहरण की घटना में शामिल रहे थे। इसी तरह खालिस्तान कमांडो फोर्स के परमजीत सिंह पंजवार की लाहौर में किसी ने हत्या कर दी थी।

आईएसआई ऑपरेटिव लाल मोहम्मद, जो भारत की नकली मुद्रा छापने का मास्टर माइंड था, नेपाल में ढेर हो चुका है। कनाडा में खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर का अंजाम सबके सामने है। गैंगस्टर सुखदुल सिंह उर्फ सुक्खा की भी कनाडा के शहर विन्निपेग में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। सूची लंबी है, लेकिन शांति के इन शत्रुओं को वही मिला, जो ये जीवनभर बांटते रहे- मौत। जून 2021 में वैश्विक आतंकवादी हाफिज सईद के पड़ोस में जोरदार धमाका हुआ था। उससे वह बच गया, लेकिन कब तक बचा रहेगा? जब पाप का घड़ा भर जाएगा तो न आईएसआई काम आएगी और न पाक फौज बचाएगी। उस दिन दुनिया इन आतंकवादियों का भयानक अंत देखेगी। बड़ा सवाल है- इन आतंकवादियों का एक ही तर्ज पर कौन शिकार कर रहा है? पाकिस्तानी मीडिया में भारत की खुफिया एजेंसी 'रॉ' का नाम लिया जा रहा है। पिछले दिनों कनाडा की ओर से इसी तरह के आरोप लगाए गए थे। रॉ कोई सशस्त्र संगठन नहीं है। उसका काम तो 'अनुसंधान और विश्लेषण' करना है। उक्त आतंकवादी जिस तरह ढेर किए गए, उसमें इस बात की प्रबल संभावना है कि इनमें गुटबाजी और मतभेद उस स्तर पर पहुंच गए कि अब ये एक-दूसरे को ही उड़ाने लगे हैं। ध्यान रखें कि पाकिस्तान सभी आतंकवादियों को दो समूहों - 'अच्छे आतंकवादी' और 'बुरे आतंकवादी' में बांटकर देखता है। जो भारत या किसी अन्य देश को नुकसान पहुंचाते हैं, वह उन्हें 'अच्छे आतंकवादी' मानता है। वहीं, जो आतंकवादी उसके यहां धमाके करते हैं, उन्हें 'बुरे आतंकवादी' कहता है। ये आतंकवादी मौका देखकर पाला बदलने से बाज़ नहीं आते। इनमें आंतरिक संघर्ष चलते रहते हैं। जब किसी आतंकवादी की महत्वाकांक्षाएं बहुत बढ़ जाती हैं तो वह या तो पाला बदल लेता है या अपने कमांडर को रास्ते से हटा देता है। चूंकि ये लोग हत्याएं करने के अभ्यस्त होते हैं, हर मामले का फैसला बंदूक से करना चाहते हैं। ऐसे में अपने साथी या 'उस्ताद' को मौत के घाट उतारने से नहीं हिचकते। हाफिज सईद, जकीउर्रहमान लखवी, दाऊद इब्राहिम, मसूद अजहर ... ये सभी देर-सबेर इसी तरह अपना कर्मफल पाएंगे।

## ट्वीटर टॉक



महान शिक्षाविद, समाजसेवी तथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित नानाजी देशमुख जी की जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन। उन्होंने अपना जीवन शिक्षा के प्रकाश को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समर्पित किया।

**-ओम बिरला**



आगामी विधानसभा चुनाव - 2023 को लेकर टोंक में आयोजित चुनाव प्रबंधन समिति की कार्यशाला को सम्बोधित किया। कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव में भाजपा के पक्ष अधिक से अधिक मतदान कराने की अपील की। इस दौरान पत्रकार वार्ता को भी सम्बोधित किया।

**-राजेन्द्र राठौड़**



निर्वाचन आयोग ने राजस्थान में विधानसभा चुनाव के मतदान की तिथि 23 नवंबर से परिवर्तित कर 25 नवंबर कर दी है। प्रदेश के सभी मतदाताओं से आग्रह है कि आप सभी 25 नवंबर 2023 को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें।

**-अर्जुनराम मेघवाल**

## प्रेरक प्रसंग

# भगवान का विश्वास

अरविंद घोष के जीवन में एक समय ऐसा आया कि वे रुपये-पैसों के प्रति निरासक्त से हो गये थे। तीन महीने में एक बार वेतन मिलता और घर आते ही सारी की सारी थैली वे अपने कमरे में रखी ट्रे में उड़ेल देते। ट्रे कमरे में ही रखी रहती थी। आवश्यकतानुसार खर्च के लिए पैसे उठाये और बाकी वहीं खुली ट्रे में। कोई तिजोरी-ताला न देखकर उनके एक मित्र ने प्रश्न किया, 'आप रुपयों की ट्रे को ऐसे ही रखते हैं, कोई चोरी का भी डर नहीं है आपको?' अरविन्द घोष हंसकर बोले, 'ईमानदार व्यक्तियों के बीच रहता हूं।' पुनः प्रश्न किया, 'आप हिसाब तो रखते नहीं, तो कैसे कह सकते हैं कि आपके पास के व्यक्ति भले और ईमानदार हैं?' घोष ने उत्तर में कहा, 'मेरा हिसाब भगवान रखते हैं, वह मुझे उतना ही देते हैं जितने कि मुझे आवश्यकता होती है, तो फिर हिसाब के पीछे क्यों सिर खपाई की जाये।' अरविन्द घोष का उत्तर सुन वह मित्र घोष के विश्वास की पराकाष्ठा पर आश्चर्यचकित तो था ही, उसने भी भगवान पर इस स्तर का विश्वास करना सीख लिया।

## सामयिक

# पांच राज्यों के चुनाव को कैसे देखें?

**अवधेश कुमार**
**मोबाइल 98911027208**



चुनाव आयोग ने भले पांच राज्यों के विधानसभाओं की औपचारिक घोषणा अब की है, देश पहले से ही चुनावी मोड में है। काफी समय से पूरी राजनीति की रणनीति 2024 लोकसभा चुनाव के इर्द-गिर्द बनाई जा रही है। लोकसभा चुनावों के पूर्व यही विधानसभा चुनाव हैं और इसके परिणाम कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण होंगे। कुल 16 करोड़ 14 लाख मतदाताओं, 679 विधानसभा सीटों तथा 83 लोकसभा स्थानों का महत्व समझना कठिन नहीं है। इन चुनावों के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में आरक्षण के लिए नारी सम्मान वंदन कानून बना दिया है। इन चुनाव में करीब 7 करोड़ 80 लाख महिला मतदाता हैं। यह पता चलेगा कि महिलाओं को आरक्षण देने से ये कितना प्रभावित हैं। यह चुनाव भाजपा, कांग्रेस तथा क्षेत्रीय स्तर पर बीआरएस यानी भारत राष्ट्र समिति के लिए एक हद तक करो या मरो जैसा है। कांग्रेस के लिए इनमें प्रदर्शन से आईएनडीआईए में राष्ट्रीय राजनीति यानी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से उसकी हैसियत तय होगी। उसने अच्छा प्रदर्शन किया तो आईएनडीआईए का नेतृत्व हाथों आ सकता है। अच्छा नहीं रहा तो आईएनडीआईए में नेतृत्व की दावेदारी तथा सीटों के तालमेल में कमजोर पायदान पर खड़ी रहेगी। भाजपा के लिए भी यह महत्वपूर्ण है क्योंकि हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की दो विधानसभा चुनावों में लगातार हार के बाद वह अगले पराजय का जोखिम नहीं ले सकती।

यद्यपि 2018 में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान विधानसभा चुनावों में पराजय के बावजूद 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इन राज्यों में एकपक्षीय जीत दर्ज की थी किंतु लगातार पराजयों से पार्टी समर्थकों और कार्यकर्ताओं में निराशा पैदा होगी तथा विपक्ष मनोवैज्ञानिक लाभ उठा सकता है। प्रश्न है कि क्या इन चुनाव में पार्टियां अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप परिणाम लाने में सफल होगी? चुनाव परिणाम की भविष्यवाणी हमेशा जोखिम भरी होती हैं इसलिए इससे बचना चाहिए। हालांकि पिछले चुनावों के प्रदर्शनों ,वर्तमान स्थिति, उम्मीदवार तथा मुद्दों के आधार पर कुछ आकलन कर सकते हैं।

मध्यप्रदेश में 2018 चुनाव के बाद कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी जो 15 महीने बाद ही ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ 22 विधायकों के विद्रोह से खत्म हो गई। किंतु कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला था। उसे 114 और भाजपा को 109 स्थान मिले थे। भाजपा को कांग्रेस से 47हजार 827 मत भी ज्यादा मिले थे। भाजपा को 41.027 तो कांग्रेस को 40.97 मत मिले थे। यह विचार करने वाली बात है कि 15 सालों के सत्ता विरोधी रुझान, पार्टी के अंदर शिवराज सिंह चौहान के प्रति थोड़ा बहुत असंतोष तथा अनेक विरोधी मुद्दों के बावजूद अगर भाजपा बुरी तरह पराजित नहीं हुई तो क्या 2023 में स्थिति उससे ज्यादा खराब है ?

राजस्थान में भी कांग्रेस बहुमत से पीछे 99 पर अटक गई थी तथा भाजपा को 73 सीटें मिली थीं। कांग्रेस 39.30 प्रतिशत तो बीजेपी 38.087 मत पायी थी। दोनों के बीच केवल 1लाख 77हजार 699 मतों का ही अंतर था। हां, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने भाजपा को बुरी तरह पराजित किया था। 90 विधानसभा सीटों में कांग्रेस को 68 तथा भाजपा को 15 सीटें मिली थी। कांग्रेस के 43.04 प्रतिशत वोटो के मुकाबले भाजपा को 337 आए थे। यानी 13 प्रतिशत से ज्यादा का अंतर था।

तेलंगाना के 119 सीटों में तत्कालीन टीआरएस और वर्तमान बीआरएस ने 88, कांग्रेस ने 19 और भाजपा ने एक तथा एआइएमआइएम ने 7 सीटें प्राप्त की थी। जाहिर है भाजपा की स्थिति यहां काफी बुरी थी। मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट ने 26, कांग्रेस ने पांच, भाजपा ने एक तथा अन्य ने 8 सीटें जीती थी। किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के पहले जरा चार महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव परिणामों को भी देख लीजिए। मध्यप्रदेश के 29 में से भाजपा ने 28 तो कांग्रेस ने एक तो राजस्थान के 25 में से भाजपा ने 24 सीटें जीती और कांग्रेस एक स्थान भी जीत नहीं पाई, एक सीट आरएलपी को गया। छत्तीसगढ़ के 11 में से भाजपा ने 9, कांग्रेस ने दो सीटें जीतीं। जिस तेलंगाना में भाजपा का केवल एक विधायक जीता वहां लोकसभा में उसके चार सांसद जीते, कांग्रेस तीन और बीआरएस के 9, एमआईएम के एक सांसद जीते। मिजोरम की एक सीट एम एन एफ के खाते गई।

मतों के अनुसार देखें तो राजस्थान में भाजपा को 58.47 प्रतिशत जबकि कांग्रेस को 34.247 मत है। यानी 24 प्रतिशत मतों की खाई। मध्यप्रदेश में भाजपा को 587 और कांग्रेस को 32.507 मत आया। यानी 26 प्रतिशत का अंतर है । छत्तीसगढ़ में भी भाजपा को 50.7 प्रतिशत एवं कांग्रेस को 40.90 प्रतिशत मत मिले। लगभग 107 से बीजेपी आगे है। तेलंगाना में लोकसभा चुनाव में बीआरएस ने 41.27, कांग्रेस ने 29.4 87 तो भाजपा ने 19.457 वोट पाए। यानी विधानसभा चुनाव के परिणाम मिजोरम को छोड़ चार राज्यों में उसी अनुरूप लोकसभा में नहीं रहे।

यह सच है कि इस समय भाजपा के समर्थकों और कार्यकर्ताओं में अपने राज्य सरकारों और वहां के नेतृत्व के विरुद्ध असंतोष एवं गुस्सा है क्योंकि शासन में उनकी व्यापक अनदेखी हुई है। हजारों की संख्या में इनके निष्ठावान कार्यकर्ता और समर्थक अपने जीवन में आज भी उसी तरह संघर्ष कर रहे हैं जैसे सत्ता में आने के पहले और बड़ी संख्या में वैसे लोग सत्ता का लाभ उठाया जो या तो विरोधी थे या जिनकी निष्ठा संदिग्ध थी। हिंदुत्व, राष्ट्रवाद या विचारधारा निश्चित रूप से भाजपा के अंदर असंतोष और गुस्सा होते हुए भी कार्यकर्ताओं -समर्थकों को विद्रोही होने से बचाता है लेकिन एक समय के बाद लोगों का धैर्य टूटता है। जनता के अंदर किसी राज्य में भाजपा के विरुद्ध व्यापक गुस्सा नहीं है। किंतु कार्यकर्ता और समर्थक पार्टी के लिए काम नहीं करेंगे या विरोध में चले जाएंगे तो विजय मुश्किल होता है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक इसका उदाहरण है।


इस दृष्टि से देखे तो कांग्रेस के पास विजय का अवसर है। किंतु 2018 में केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण कानून में उच्चतम न्यायालय द्वारा किए गए व्यावहारिक संशोधन को पलट दिए जाने के कारण पिछड़ों व सवर्णो में गुस्सा था। केंद्र सरकार भी हिंदुत्व के मुद्दे पर शांत थी और सरसंघचालक मोहन भागवत को विजयादशमी में कहना पड़ा था कि हमारी सरकार है तो लोग पूछ रहे हैं कि अब राम मंदिर क्यों नहीं बन रहा है। यानी विचारधारा के स्तर पर असंतोष था। बावजूद कांग्रेस भाजपा भारी बहुमत पाने में सफल नहीं हुई तो इस समय ऐसा क्या है जिससे वह भारी जीत की उम्मीद कर सकती है? इस समय भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारें विचारधारा पर मुखर होकर काम कर रही है। कांग्रेस का राज्य नेतृत्व भले हिंदुत्व पर मुखर है, केंद्रीय नेतृत्व नहीं। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद राहुल गांधी ने सर्वप्रमुख घोषणा यही कि हम जातीय सर्वेक्षण करेंगे। यानी जाति आधारित गणना कांग्रेस का सर्वप्रमुख एजेंडा है। क्या वर्तमान भारत 1990 के मंडल के दौर में लौटाने को तैयार है? बिहार में नीतीश सरकार ने जाति आधारित गणना कराई । वहां पिछड़ी जातियों में ही अनेक जातियां मानती हैं कि उनके आंकड़े कम दिखाए गए और यादवों के ज्यादा। प्रश्न यह भी उठेगा कि कर्नाटक सरकार ने 2014 में जाति गणना कराया, यूपीए सरकार ने 2011 में जनगणना के समानांतर जातियों की गणना कराई, राजस्थान में हुआ तो जारी क्यों नहीं किया गया? जाति गणना विपक्ष का मुद्दा होगा किंतु मतदाता पर मतदान करेंगे और शेष मुद्दे विकास, विदेश नीति, रक्षा, धर्म -संस्कृति, हिंदुत्व, सुरक्षा, प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत ईमानदारी, भारत को विश्व में प्रतिष्ठा दिलाने वाली उनकी छवि आदि की अनदेखी करेगा ऐसा मानने का कारण अभी तक नहीं दिखता है।

## बोध कथा

# अंधे बुजुर्ग की वाणी

एक समय की बात है एक राजा जंगल में भ्रमण के लिए निकले। भ्रमण करते-करते राजा को प्यास लगी, पानी के लिए इधर-उधर नजर दौड़ने के बाद उन्हें एक झोपडी दिखाई दी। जहां एक अँधा बुजुर्ग आदमी बैठा हुआ था और उसके पास ही जल से भरा हुआ एक मटका रखा हुआ था। राजा ने सिपाहियों को आदेश दिया की वे उस व्यक्ति के पास जाये और एक लोटा जल मांग कर लाएं। सिपाही उस व्यक्ति के पास चले गए और उस व्यक्ति से बोलने लगे ऐ अन्धे एक लोटा पानी दे दे। अँधा व्यक्ति तुरंत अकड़ कर बोला चल-चल यहां से निकल, तेरे जैसे सिपाहियों से मै नहीं डरता, तुम लोगों को एक बून्द भी पानी नहीं दूंगा मैं। सिपाही निराश होकर लौट आये। उसके बाद राजा ने सेनापति को पानी लाने के लिए भेजा। सेनापति उस व्यक्ति के पास जाकर बोला ऐ अन्धे, पानी दे दे, तुझे बहुत सारे रकम इनाम में मिलेगा। अन्धा व्यक्ति फिर अकड़ कर बोला पहले वाले का यह सरदार मालूम पड़ता है। अन्धे व्यक्ति ने गुस्से से कहा चल यहाँ से निकल, नहीं मिलेगा पानी तुझे। इस तरह सेनापति को भी खाली हाँथ वापस लौटना पड़ा सेनापति को खाली हाँथ वापस आता देख राजा स्वय चल पड़े उस व्यक्ति के पास पानी मांगने। फिर उस वृद्धजन के पास पहुंचकर सबसे पहले उसे नमस्कार किया और कहा प्यास से गला सुख रहा है बाबा, एक लोटा पानी दे सकें तो आपकी बड़ी कृपा होगी।

अन्धे बुजुर्ग ने सत्कारपूर्वक उन्हें पास बिठाया और कहा आप जैसे श्रेष्ट व्यक्ति का राजा जैसे आदर है एक लोटा जल क्या मेरा सब कुछ आपकी सेवा में हाजिर है, कोई और सेवा हो तो बताइये। राजा ने सीतल जल से अपनी प्यास बुझाई फिर नम्र वाणी से पूछा की आपको तो दिखाई नहीं पड़



रहा फिर आपने जल मांगने आये लोगों को कैसे पहचान लिया। उस अन्धे व्यक्ति ने कहा वाणी से हर व्यक्ति के स्तर का पता चलता है।

## चिंतन

# इजरायल और हमास के युद्ध से मानवता पर बढ़ता खतरा

**ललित गर्ग**
**मोबाइल : 9811051133**

रूस और यूक्रेन के बाद अब इजरायल और हमास के बीच धमासान युद्ध के काले बादल विश्व युद्ध की संभावनाओं को बल देते हुए लाखों लोगों के रोने-सिसकने एवं बर्बाद होने का सबब बन रहे हैं। युद्ध की बढ़ती मानसिकता विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। हमास ने नासमझी दिखाते हुए आतंकी हमला करके सोये शेर को जगा दिया है। आतंकी हमले का पहला राउंड इस मायने में पूरा हुआ माना जा सकता है कि उसे अंजाम देने वाले संगठन हमास ने कहा है कि उसका जो मकसद था वह पूरा हो चुका है और अब वह युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन प्रश्न है इजरायल इस हमले पर कैसे शांत रहेगा? उसके यहां हुए महाविनाश एवं व्यापक जनहानि के बाद उसके लिये कथित युद्धविराम प्रस्ताव का कोई अर्थ नहीं है? इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़े शब्दों में कहा कि युद्ध शुरू तो हमास ने किया है, लेकिन खत्म हम करेंगे। दुश्मनों ने अंदाजा भी नहीं लगाया होगा कि उन्हें इसकी कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी। आज दुनिया से आतंकवाद को खत्म करना प्रमुख प्राथमिकता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में इजरायल के साथ है। भारत युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहता है, लेकिन कोई जबरन हिंसा एवं आतंक को पनपाता है तो उसे नियंत्रित करने के लिये उचित कदम उठाने की होंगे।

हमास के सरगना मोहम्मद डेफ ने इस हमले को महान क्रांति का दिन बताते हुए कहा कि हमने इसरायल के विरुद्ध नया सैन्य मिशन शुरू किया है। बस अब बहुत हो गया। अब हम और बर्दाश्त नहीं करेंगे।' इस पर गुस्साए इजरायल ने भी आधिकारिक तौर पर हमास' के विरुद्ध युद्ध का ऐलान करके इसे आप्रेशन आयरन स्वोर्ड्स' नाम दिया है तथा गाजापट्टी के इलाके में 17 ठिकानों पर इजरायल वायु सेना के लड़ाकू जैट विमानों द्वारा ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। जहां तक इजरायल की जवाबी कार्रवाई का सवाल है तो इतना तो तय है कि बात यहीं नहीं रुकेगी, जंग का दूसरा राउंड शायद पहले से ज्यादा भीषण एवं महाविनाशक होगा, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नेतन्याहू सरकार इसे किस तरह से अंजाम देगी। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि गाजापट्टी उसके हमलों का निशाना बनेगी। गाजापट्टी में



हमास का प्रभाव जरूर है, लेकिन वहां 23 लाख लोग रह रहे हैं जिनका एक बड़ा हिस्सा हमास की गतिविधियों और योजनाओं से अनजान होगा। ऐसे बेकसूर लोग जितनी बड़ी संख्या में इजरायली कार्रवाई के शिकार होंगे, मानवाधिकार का सवाल उतने बड़े रूप में उभरेगा और फलस्तीनियों के लिए तथाकथित सहानुभूति भी जुट सकती है।

विश्व शांति, अमन एवं अहिंसक समाज रचना दुनिया की जरूरत है, लेकिन हमास जैसी आतंकी सोच इसकी सबसे बड़ी बाधा है, इसलिये हमास की जितनी निंदा की जाए कम है। जिस संगठन को बंदूक छोड़कर गाजा पट्टी के विकास में लगना चाहिए, वह संगठन धर्म-अधर्म के रास्ते ताकत सिर्फ इसलिए जुटाता है, ताकि इजरायल के शरीर पर पहले से कहीं गहरा छुरा धंसा सके, मर्माहत आघात कर सके? मोसाद बनाम हमास की लड़ाई मानो एक व्यवसाय बन गई है, विकृत एवं हिंसक मानसिकता का स्थायी घर बन चुकी है। दोनों देशों की सत्ताएं आखिर शांति एवं अमन का सबक क्यों नहीं लेती? स्वयं अपने देश में स्थायी शांति के प्रति गंभीर क्यों नहीं होती है? आज उन्हें स्थायी शांति के उपायों पर जोर देना चाहिए, दुनिया को ऐसे देशों की जरूरत है, जो आतंकमुक्ति को सही दिशा में प्रेरित करें, ताकि पश्चिम एशिया के खूनी दलदल को हमेशा के लिए पाटा जा सके। अभी लेबनान की तरफ से हिजबुल्ला के कुछ हमले हुए हैं लेकिन लेबनान सरकार उस इलाके में शांति और स्थिरता बने रहने की इच्छा जताने तक सीमित है। ईरान और सऊदी अरब ने भी फलस्तीनियों के हक में शांति कायम करने की कोशिश की बात कही है। अगर बात बढ़ी और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हमास के लिए समर्थन बढ़ा तो हालात बदतर ही होंगे।लगभग सत्तर साल से फलस्तीन के नाम पर जो खून-खराबा हो रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इन इलाकों में दुश्मनियों को इंसानी रगों में पाला जाता है, ताकि मौका आने पर खून बहाया जा सके? क्या ऐसे इलाकों में युवा जवान ही इसलिए होते हैं कि इंसानियत को शर्मसार कर सकें? कोई ऐसे दाग-धब्बों के साथ अपने देश का इतिहास लिखता है क्या? बड़ा प्रश्न है कि इस व्यापक हिंसा एवं आतंक को रोकने वाला कौन होगा? कोई आतंकी हमास के साथ दिख रहा है, तो कोई इजरायल के लिए लुट-मिट जाने को बेताब है? बात हर तरफ विनाश की है।

इस हिंसक, आतंकी एवं युद्ध के दौर का दुखद पहलू है कि पुतिन का नया रूस भी यूक्रेन को निशाना बनाते हुए बच्चों एवं महिलाओं को नहीं बख्शता है। जहां अपने और पड़ोसी के कल्याण की चिंता होनी चाहिए थी, वहां केवल बदले की भावना हावी है। बर्बरता, क्रूरता, उन्माद एवं जघन्यता बढ़ती जा रही है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उग्रवादी समूह को मलबे में फेंक देने की कसम खाई है। निर्ममता एवं बर्बरता की पराकाष्ठा कर रहे आतंकियों की जगह मलबे में ही है, पर उन मासूम बच्चों, औरतों और आदमियों का क्या दोष, जो कहीं से भी आतंकी नहीं हैं, मगर निशाना बन रहे हैं? क्या मानव सभ्यता में आंतकवाद के खिलाफ कोई भी लड़ाई दोषी और निर्दोष के बीच भेद किये बिना सफल हो सकती है। यह दुनिया की एक बड़ी आबादी को हर समय विनाश की संभावनाओं पर कायम रखने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनता है। युद्ध एवं विनाश की सघन होती स्थितियों के बीच उल्लेखनीय है कि इसरायल ने 1970 में ईराक द्वारा फ्रांस से खरीदे परमाणु प्लांट पर 1 मिनट 20 सैकेंड में 16 बम गिरा कर परमाणु प्लांट नष्ट करने में सफलता पाई थी। कहना मुश्किल है कि इस घटनाक्रम का अंजाम क्या होगा, फिलहाल यही कहा जा सकता है कि जितनी जल्दी यह विवाद सुलझ सके उतना ही दुनिया के लिए अच्छा होगा। पहले ही विश्व शांति खतरे में पड़ी हुई है, अब 'हमास' व इसरायल युद्ध ने यह खतरा और बढ़ा दिया है तथा अतीत में हो चुके दो विश्व युद्धों के बाद तीसरे विश्व युद्ध की आहट तेजी से सुनाई दे रही है। युद्ध विराम के साथ अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव जरूरी है। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी होगी, स्वयं अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना होगा। इसी से किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दौरा



असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने बुधवार को दक्षिण सलामारा और मनकाचर में सीमा चौकी का दौरा किया।

## फलस्तीनी झंडा फहराना वैध गतिविधि नहीं हो सकती

लंदन/भाषा। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने चेतावनी दी है कि सामान्य परिस्थितियों में वैध मानी जाने वाली गतिविधियां तब वैध नहीं हो सकतीं जब उनका मकसद इजराइल में संघर्ष के परिप्रेक्ष्य में 'आतंकवाद के कृत्य का महिमामंडन करना' हो। उन्होंने इसमें ब्रिटेन में फलस्तीनी झंडे लहराने की गतिविधियों को गिनाया।

भारतीय मूल की कैबिनेट मंत्री ब्रेवरमैन ने मंगलवार को इंग्लैंड और वेल्स के पुलिस प्रमुखों को लिखे पत्र में आह्वान किया कि प्रतिबंधित आतंकवादी समूह हमास के प्रति समर्थन दर्शाने और ब्रिटिश यहूदियों को सताने या धमकाने के प्रयासों के खिलाफ पूरी शक्ति से कानून का उपयोग किया जाए। यह तब हुआ जब इजराइल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मध्य लंदन में गृह कार्यालय के भवन पर इजराइल का झंडा फहराया गया।

पत्र में कहा गया है, ऐसे समय में जब हमास आतंकवादी नरसंहार कर रहे हैं और सबसे कमजोर लोगों (बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों आदि) को बंधक बना रहे हैं, हम सभी उनके प्रतीकों और झंडों के प्रदर्शन से समुदायों पर पड़ने वाले भयानक प्रभाव का अनुमान लगा सकते हैं।

उन्होंने कहा, संदर्भ महत्वपूर्ण है। गृह मंत्री ने पुलिस प्रमुखों से कहा है कि इस तरह की गतिविधियों का पता चलने पर त्वरित और उचित कार्रवाई की जाए।

स्वागत




झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का बुधवार को झारखंड के जमशेदपुर में एक्सएलआरआई (एक अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन शिक्षा संस्थान) की 75वीं प्लेटिनम जयंती के दौरान टाटा स्टील के सीईओ सह प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने स्वागत किया।

## संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान को हिंद महासागर की मजबूती के लिए जयशंकर ने महत्वपूर्ण बताया

कोलंबो/भाषा। भारत ने बुधवार को कहा कि संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान के साथ-साथ एक बहुपक्षीय नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था हिंद महासागर को एक मजबूत समुदाय के रूप में पुनर्जीवित करने का आधार है। भारत के निशाने पर परोक्ष तौर पर चीन था जो इस क्षेत्र में अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां 'हिंद महासागर रिम एसोसिएशन' (आईओआरए) के मंत्रियों की परिषद की 23वीं बैठक में कहा कि समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि के आधार पर हिंद महासागर को एक मुक्त, खुला और समावेशी स्थान बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत ने 2023-25 के लिए आईओआरए के उपाध्यक्ष की भूमिका ग्रहण की। इस मौके पर जयशंकर ने कहा, हम हिंद महासागर क्षेत्र में क्षमता निर्माण और सुरक्षा सुनिश्चित करने में पहले उत्तरदाता के तौर पर योगदान देने के अपने दृष्टिकोण को जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, एक बहुपक्षीय नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान हिंद महासागर को एक मजबूत समुदाय के रूप में पुनर्जीवित करने का आधार बना हुआ है।

जयशंकर ने कहा कि एशिया के पुनरुत्थान और वैश्विक पुनर्संतुलन में, हिंद महासागर एक केंद्रीय स्थान रखता है, जो व्यापार का समर्थन करके और आजीविका बनाए रखकर, कनेक्टिविटी और संसाधन उपयोग की अपार संभावनाएं प्रदान करके, तटीय देशों के विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, 'वसुधैव कुटुंबकम' या 'दुनिया एक परिवार है' का संदेश आईओआरए सदस्य देशों को एकसाथ लाने के लिए एक बाधने वाली शक्ति हो सकती है। जयशंकर ने कहा कि उपाध्यक्ष और इस समूह के सदस्य के रूप में भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास एक ऐसे हिंद महासागर समुदाय को विकसित करना है जो स्थिर और समृद्ध, मजबूत और लचीले रुख वाला हो और जो महासागर की परिधि में सहयोग करने के साथ ही उसके परे होने वाली घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो।

## इजराइल पर हमास का हमला दुनिया पर थोपी गई एक बुराई है : बाइडन

वाशिंगटन/भाषा

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि इजराइल पर हमास का हमला विशुद्ध रूप से दुनिया पर थोपी गई एक बुराई है और इस हमले में कम से कम 14 अमेरिकी नागरिक मारे गए हैं।

बाइडन ने कहा कि इजराइल को नष्ट करना और यहूदी लोगों को मारना हमास का घोषित उद्देश्य है।

बाइडन ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, हमारे जीवन में ऐसे क्षण आते हैं, जब दुनिया पर बुराई थोपी जाती है। इजराइल के लोग इस सप्ताहांत ऐसे ही एक क्षण से गुजरे। यह हमला आतंकवादी संगठन हमास द्वारा किया गया जो ऐसा समूह है जिसका घोषित उद्देश्य यहूदियों को मारना है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन इससे पहले इजराइल के प्रति अपने प्रशासन के समर्थन की प्रतिबद्धता जता चुके हैं। अमेरिका ने इजराइल के लिए समर्थन जुटाने और फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एक प्रमुख वैश्विक राजनयिक अभियान शुरू किया है।

हमास ने शनिवार को इजराइल पर शृंखलाबद्ध हमले किए जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए। इजराइल ने इस हमले के जवाब में गाजा पर हवाई हमले किए हैं, जिसमें 800 से अधिक लोग मारे गए हैं।

बाइडन ने कहा, इजराइल पर किए गए इस हमले में 1,000 से अधिक नागरिकों को मार डाला गया। सिर्फ हत्या नहीं की गई बल्कि लोगों का कत्लेआम किया गया। इनमें कम से कम 14 अमेरिकी नागरिक मारे गए हैं। उन माता-पिता को मार डाला गया जो अपने बच्चों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे थे। शिशुओं के मारे जाने की चौंकाने वाली खबरें हैं। पूरे परिवारों का खात्मा कर दिया गया। शांति का जश्न मनाने वाले एक संगीत समारोह में शामिल युवाओं की हत्या कर दी गई।

बाइडन ने कहा कि इजराइल में हमास का कृत्य आतंकवाद था जो आईएसआईएस के आचरण से मिलता जुलता है। उन्होंने कहा, यह घृणित है। हमास की क्रूरता आईएसआईएस के सबसे भयानक कृत्य की याद दिलाती है। यह आतंकवाद है, लेकिन दुख की बात है कि यहूदी लोगों के लिए यह कोई नई बात नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, इस हमले ने, दशकों पुरानी यहूदी विरोधी भावना और यहूदी लोगों के नरसंहार की दर्दनाक यादों और घावों को कुरेद दिया है। इसलिए, इस क्षण में, हमें बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए। हम इजराइल के साथ खड़े हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इजराइल के पास अपने नागरिकों की देखभाल करने, अपनी रक्षा करने और इस हमले का जवाब देने के लिए वह सब कुछ हो, जिसकी उसे जरूरत है। आतंकवाद को किसी भी तरीके से जाए नहीं ठहराया जा सकता।।

## दुबई से चार्टर्ड विमान से 21 को पाकिस्तान पहुंचेंगे नवाज

लंदन/इस्लामाबाद/भाषा

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को दुबई से चार्टर्ड विमान से पाकिस्तान पहुंचेंगे। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसके साथ ही नवाज का चार साल से जारी स्वनिर्वासन समाप्त होगा। 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार, नवाज को लेकर आने वाली उड़ान का नाम उम्मीद-ए-पाकिस्तान होगा, जिसमें लगभग 150 यात्री सवार हो सकते हैं। खबर में कहा गया है, बुकिंग और सभी व्यवस्थाएं हो चुकी हैं। समझा जाता है कि पाकिस्तान के तीन बार के प्रधानमंत्री 73 वर्षीय शरीफ अगले साल जनवरी में होने वाले आम चुनाव में अपनी पार्टी 'पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज' (पीएमएल-एन) का नेतृत्व करेंगे।

पीएमएल-एन सदस्यों और पत्रकारों के साथ शरीफ, 21 अक्टूबर को दुबई से पाकिस्तान रवाना होने वाले हैं। विशेष उड़ान दुबई से रवाना होकर इस्लामाबाद उतरेगी जहां शरीफ मीनार-ए-पाकिस्तान में एक सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद उड़ान लाहौर जाएगी।



शरीफ बुधवार को उमरा के लिए सऊदी अरब पहुंचेंगे। वह एक हफ्ते सऊदी अरब में रहेंगे और इस दौरान अहम बैठकें करेंगे। वह 18 अक्टूबर को दुबई पहुंचेंगे।

शरीफ के साथ उनके करीबी सहयोगी मियां नासिर जंजुआ, वकार अहमद, उनके दोस्त करीम यूसुफ और कुछ अन्य लोग उनके साथ सऊदी अरब जाएंगे।

'जियो न्यूज' की खबर में कहा गया है कि एमआईडीजेएसी कंपनी के मालिक नासिर जंजुआ ने शरीफ के साथ लंदन में लगभग तीन साल निर्वासन में बिताए और कुछ महीने पहले ही पाकिस्तान लौटे।इस साल की शुरुआत में, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के पूर्व प्रमुख बशीर मेमन ने खुलासा किया था कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके तत्कालीन प्रधान सचिव आजम खान ने उन्हें बार-बार, यातना और आतंकवाद रोधी कानूनों सहित हर तरह के तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर किया, ताकि न्यायाधीश अरशद मलिक वीडियो स्कैंडल में पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज के खिलाफ झूठा इकबालिया बयान देने के लिए कारोबारी मियां नासिर जांजुआ को मजबूर किया जा सके।




## 'एनिमल' के पोस्टर में दिखी रश्मिका मंदाना

हैदराबाद/एजेन्सी

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना-स्टारर गैंगस्टर-एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'एनिमल' साल की सबसे बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्मों में से एक बन गई है। फिल्म के ट्रैक 'हुआ मैं' का पोस्टर जारी किया गया है। अपने किरदारों के विभिन्न पोस्टर और एक सम्मोहक टीजर जारी करने के बाद 'एनिमल' ने अपने नए ट्रैक 'हुआ मैं' के लिए एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें रश्मिका और रणबीर एक प्लेन में लिप-लॉक करते दिखाई दे रहे हैं।

फिल्म ने पहले ही अपने कुछ प्रमुख कलाकारों के लिए कई पोस्टर जारी कर दिए हैं, जिनमें उन्हें उनके अवतारों में दिखाया गया है, जैसे कि बॉबी देओल के लिए एक डरावना अवतार, अनिल कपूर के लिए एक खतरनाक पोस्टर, रणबीर के लिए एक क्लासी गैंगस्टर और एक सुंदर लेकिन रहस्यमयी रूप से रश्मिका के लिए एक भयावह पोस्टर जारी किया गया। अपने एक्स पर 'पुष्पा' अभिनेत्री ने ट्रैक की घोषणा की और लिखा, ''गाना 'हुआ मैं' बुधवार को आएगा। मैं व्यक्तिगत रूप से इसे हिंदी, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़ और तमिल सभी संस्करणों में पसंद करती हूं।अपने इंस्टाग्राम पर गाने का छोटा सा अंश पोस्ट करते हुए, अभिनेत्री को गाना बजने के दौरान कार में आराम करते हुए देखा जा सकता है।संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित, 'एनिमल' एक दिसंबर को पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## जी अनमोल सिनेमा पर होगा 'स्वजन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

मुंबई/वार्ता

फिल्म स्वजन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 13 अक्टूबर को ज़ी अनमोल सिनेमा पर होगा। 13 अक्टूबर को शाम 7 बजे 'स्वजन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर ज़ी अनमोल सिनेमा पर होगा।वेणु येल्डांडी द्वारा निर्देशित फिल्म में प्रियदर्शी पुलिकोंडा और काव्या कल्याणराम मुख्य किरदारों में हैं। फिल्म का निर्माण दिल राजू ने किया है। निर्देशक वेणु येल्डांडी ने कहा, स्वजन मेरे लिए बहुत मायने रखती है क्योंकि वर्षों तक काम करने के बाद, इस फिल्म से मेरे निर्देशन का सफर शुरू हुआ। यह एक ऐसी कहानी है जो हर परिवार के दिल और आत्मा से जुड़ती है।

इस फिल्म के जरिए, मेरा उद्देश्य उन रिश्तों को सामने लाना है जो परिवारों को एक साथ बांधते हैं, और यह संस्कृति आज भी कायम है। स्वजन उन अनकही भावनाओं को श्रद्धांजलि है, जो अक्सर परिवारों के भीतर रहती हैं। मुझे उम्मीद है कि यह दर्शकों को उनके अपनों के थोड़े और करीब ले आएगी।

निर्माता दिल राजू ने कहा, स्वजन सिर्फ एक फिल्म से कहीं ज्यादा है। यह एक दिल छू लेने वाला सफर है जो इंसानी रिश्तों की उलझनें उजागर करता है। हमने एक ऐसी कहानी बताने के उद्देश्य से यह सफर शुरू किया जो दिल और आत्मा को छू जाएगी। इस कहानी में जान डालने के लिए निर्देशक वेणु येल्डांडी और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना बेहद खुशनुमा रहा। हमें उम्मीद है कि स्वजन एक अमिट छाप छोड़ेगी, और हम सभी को अपने परिवारों को संजोने की याद दिलाएगी।

शुभारंभ




नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी नई दिल्ली में 'बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल' के शुभारंभ करती हुई।

## अमिताभ बच्चन ने अपने 81वें जन्मदिन पर 'जलसा' के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन किया

मुंबई/भाषा

दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन बुधवार को अपना 81वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर बच्चन ने अपने आवास के बाहर खड़े सैंकड़ों प्रशंसकों का अभिवादन किया। सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो में बच्चन अपने शुभचिंतकों से मिलने के लिए आधी रात को अपने जुहू स्थित आवास जलसा से बाहर आते दिख रहे हैं। गुलाबी और काले रंग का ट्रैकसूट पहने मेगास्टार ने हाथ हिलाकर प्रशंसकों का अभिवादन किया और हाथ जोड़कर उनके प्यार के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान, पूरा बच्चन परिवार बंगले के प्रवेश द्वार पर खड़ा था। बाद में बच्चन ने अपने आधिकारिक ब्लॉग पर अपने प्रशंसकों के लिए एक संदेश पोस्ट किया: आपका आशीर्वाद मेरा सौभाग्य है! श्वेता बच्चन की बेटी नव्या ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट में अपने नाना को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चन, आराध्या, भाई अगस्त्य और नानी जया बच्चन के साथ एक तस्वीर भी साझा की और लिखा, हैप्पी बर्थडे नाना। अमिताभ बच्चन आने वाले दिनों में निर्माता नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी और रिभु दासगुप्ता के कोर्ट रूम ड्रामा सेक्शन 84 में नजर आएंगे।



## 'एल्डो इंडिया' के ब्रांड एंबेसडर बने आदित्य रॉय कपूर और जान्हवी कपूर

नई दिल्ली/एजेन्सी

आदित्य रॉय कपूर और जान्हवी कपूर एल्डो इंडिया के अपकमिंग कलेक्शन के ब्रांड एंबेसडर बने। आदित्य ब्रांड फैमिली में मेल ब्रांड एंबेसडर के रूप में नए हैं, जबकि जान्हवी लगातार दूसरे साल भी अपने सहयोग को आगे बढ़ा रही हैं। एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए अपैरल ग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अभिषेक बाजपेयी ने कहा, ''अपैरल ग्रुप इंडिया एल्डो फैमिली में आदित्य रॉय कपूर और जान्हवी कपूर का स्वागत करता है। उनका यूनिक स्टाइल हमारे ब्रांड से पूरी तरह मेल खाता है। हम साथ मिलकर एक फैशनेबल जर्नी शुरू करेंगे, जो इनोवेशन का प्रतीक है।''



आदित्य ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, एल्डो हमेशा से एक ऐसा ब्रांड रहा है, जिसे मैं बहुत पसंद करता हूं और उसकी प्रशंसा करता हूं और मैं एल्डो इंडिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। स्टाइल और कंफर्ट को लेकर एल्डो मेरे फैशन फिलॉसफी के साथ पूरी तरह मेल खाता है। मैं एक ऐसे ब्रांड का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं जो इनोवेशन को अपनाता है। फुटवियर और एक्सेसरीज की दुनिया में ट्रेंड्स भी सेट करता है। हम सब मिलकर हर कदम को स्टाइलिश बनाएंगे।'' जान्हवी कपूर ने कहा, मैं इस जर्नी को जारी रखने के लिए रोमांचित हूं। एक ऐसे ब्रांड का प्रतिनिधित्व करना अविश्वसनीय अनुभव रहा है, जो स्टाइल और कंफर्ट को सहजता से जोड़ता है।

इनोवेटिव फैशन के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता मेरे साथ प्रतिध्वनित होती है। मैं एक बार फिर से फुटवियर और एक्सेसरीज की दुनिया में कदम रखने, हर फैशन स्टेटमेंट को कंफर्टेबल और आकर्षक बनाने का इंतजार नहीं कर सकती। अपैरल ग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष तुषार वेद ने जान्हवी और आदित्य के साथ जुड़ाव को लेकर कहा, ''डायनेमिक जोड़ी, आदित्य रॉय कपूर और जान्हवी कपूर के साथ अपैरल ग्रुप इंडिया का सहयोग हमारी जर्नी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर दर्शाता है। उनका आइकॉनिक स्टेटस और फैशन एल्डो की प्रतिबद्धता के साथ सहजता से मेल खाता हैं। हम यह देखकर उत्साहित हैं कि यह साझेदारी भारत और उसके बाहर फैशन लैंडस्केप को आगे बढ़ाएगी।''

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो लेडीज़ विंग बेंगलूरु साउथ द्वारा बी-टू-बी योजना के अंतर्गत दो दिवसीय 'उड़ान' प्रदर्शनी का वीवीपुरम् के महावीर धर्मशाला में उद्घाटन किया गया। जिसके अंतर्गत 100 से अधिक स्टॉलों की प्रदर्शनी लगाई गई है।



# राष्ट्रीय स्तर पर तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर हुआ सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान आचार्यश्री महाश्रमणजी एवं साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के पावन सान्निध्य में मुंबई में आयोजित 48वें राष्ट्रीय अधिवेशन में 2021-23 के लिए विजयनगर तेरापंथ महिला मंडल (अध्यक्ष प्रेम भंसाली एवं मंत्री सुमित्रा बरड़िया) को 'नगर स्तर' पर विशिष्ट संस्था के तौर पर सम्मानित किया गया है।

बुधवार को बेंगलूरु लौटने पर विजयनगर तेरापंथ भवन में मुनिश्री दीपकुमारजी एवं मुनिश्री काव्यकुमारजी के दर्शनकर आशीर्वाद प्राप्त किया। निवर्तमान अध्यक्ष प्रेम भंसाली ने अधिवेशन में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज मुझे बहुत ही गौरव की अनुभूति हो रही है कि महज 6 साल के अल्प समय में हमारे मंडल ने नगर स्तर पर संपूर्ण भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए मैं कृतज्ञ हूं गुरुदेव के प्रति, साध्वी प्रमुख श्री जी के प्रति, साध्वीश्री कंचन प्रभाजी, साध्वीश्री प्रमिला कुमारीजी, मुनिश्री रश्मि कुमार के प्रति जिनका वरदहस्त एवं आशीर्वाद हमें प्राप्त हुआ। मैं आभार व्यक्त करती हूं राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम सेठिया, महामंत्री मधु देरासरिया, पूर्व महामंत्री वीणा बैद एवं विजयनगर मंडल के सभी पूर्व अध्यक्षों के प्रति जिनका मुझे समय-समय पर मार्गदर्शन मिला। उन्होंने अपनी पूरी टीम का जिनकी लगन और सहयोग से यह प्रतिफल मिला, आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही मंडल को तत्व संबोध सेंटर, भावना चौका, हिंसा वर्सेस अहिंसा कार्यशाला, तथा एबीटीएमएम द्वारा निर्देशित विभिन्न कार्यक्रमों के संपादन के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए।

मुनिश्री दीप कुमारजी ने मंडल के कार्यों की सराहना करते हुए मंडल के प्रति अपनी मंगल भावना प्रेषित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एक मजबूत संगठन है जिसके प्रत्येक शाखा मंडल हमेशा धर्म संघ की प्रगति के लिए अनेक कार्यों में सक्रिय रूप से लगे रहते है। अध्यक्ष प्रेम भंसाली के कार्यकाल में यह जो निष्पत्ति सामने आई है, इसी तरह आने वाले समय में भी मंडल प्रगति की नई-नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे।

कार्यक्रम में एबीटीएमएम से शशि नाहर, मधु कटारिया, पूर्व महामंत्री वीणा बैद, सभा अध्यक्ष प्रकाश गांधी, तेयुप अध्यक्ष राकेश पोकरणा, पूर्व अध्यक्ष कुसुम डांगी, अध्यक्ष मंजू गादिया, उपाध्यक्ष बरखा पुगलिया, आरआर नगर अध्यक्ष सुमन पटावारी, हनुमंत नगर अध्यक्ष सरोज दुगड़, राकेश दूधेडिया, प्रतीक भंसाली ने मंडल की उपलब्धि पर अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन महिमा पटावारी ने किया।







# 'उड़ान' के द्वारा महिलाओं ने भरी 'उड़ान'

## उड़ान प्रदर्शनी में स्टॉलों पर लगी भीड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो लेडीज़ विंग बेंगलूरु साउथ द्वारा बी-टू-बी योजना के अंतर्गत दो दिवसीय 'उड़ान' प्रदर्शनी का वीवीपुरम के महावीर धर्मशाला में उद्घघाटन किया गया। जिसके अंतर्गत 100 से अधिक स्टॉलों की प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में महिलाओं व बच्चों के कपड़े, ज्वेलरी, फुटवियर, साज सज्ञा, घरेलू सामान, खाने पीने का सामान इत्यादि अनेक स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी के मुख्य प्रायोजक फतेह स्टोन प्रा. लि. रहे। फूड स्पॉन्सर इनफिनिया होम एंड किचन तथा गिफ्ट व प्राइज स्पॉन्सर हीराचंद गुलेच्छा फाउंडेशन रहे।

प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाने तथा अपने व्यवसाय की प्रगति हेतु नेटवर्किंग को बढ़ाना है। मुख्य अतिथि के रूप में नाड योग की विशेष जानकार, मधुर गायिका मीनल निगम एवं साउथ चैपटर के अध्यक्ष दिनेश बोहरा, महिला विंग साउथ की पूरी टीम, युवा टीम आदि द्वारा रिब्बन काट कर मंत्रोच्चारण सहित गणेश पूजा व दीप प्रज्वलन से किया गया।

जीतो लेडीज़ विंग साउथ चेयरपर्सन सुनीता गांधी ने सभी का स्वागत करते हुए, सभी स्टॉल मालिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें सशक्त बनने के लिए कड़ी मेहनत और लगन से कार्य करना होगा तभी हम कामयाबी की ऊंचाईयों को प्राप्त कर सकते हैं। महामंत्री मोनिका पिरगल बिनायकिया ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से उडान का आयोजन किया जाता है और हर बार यह नई ऊँचाई को छूता है। सभी विक्रेताओं के अंदर जोश एवम उत्साह को भरते हुए, उनके द्वारा बिक्री हेतु रखे गए उत्पादों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर जीतो बेंगलूरु साउथ चैप्टर के अध्यक्ष दिनेश बोहरा, महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल, लेडीज़ विंग कन्वेनर संजय भंडारी एवम पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने जीतो लेडीज़ विंग साउथ द्वारा किए जाने वाले इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वह इसी प्रकार महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाते हुए नारीशक्ति का प्रदर्शन करती रहे।

एपेक्स के उपाध्यक्ष राजेन्द्र छाजेड ने कहा कि महिला विंग हर क्षेत्र में आगे हो कर काम कर रहे है जो कि अति सराहनीय है। इस अवसर पर जीतो एपेक्स निदेशक, जीतो केकेजी जोन के महामंत्री, पूर्व चेयरपर्सन अनिता पिरगल और पिंकी जैन, नार्थ की अध्यक्षा बिंदु रायसोनी उपस्थित थे। परियोजना कन्वेनर प्रतिमा जैन तथा कोकनवेनर प्रिया गांधी ने सम्पूर्ण प्रदर्शनी की व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर जीतो लेडीज़ विंग साउथ की उपाध्यक्ष प्रभा गुलेच्छा एवम बबिता रायसोनी, सहमंत्री संगीता पारख तथा मैनेजिंग कमिटी सदस्य रेखा जैन, साक्षी नाहर, निधि पालरेचा, अस्मिता चौहान, सविता पोरवाल, इंदु खिंवेसरा, ललिता नागौरी, लता बोहरा, अर्पिता लधानी, बिंदु मेहता, उर्मिला बरडिया, नितु जैन, निशा टुकलिया, ललिता नागोरी, सपना जैन, नंदा मेहता, संगीता मालानी आदि उपस्थित रहे।



# जेबीएन पायोनियर्स उल्लेखनीय कार्य कर रहा है : इंदरचंद बोहरा

## नई लीडरशिप टीम का गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। समाज के व्यवसासियों एवं पेशेवरों को व्यवसायिक जुड़ाव एवं उन्नति का सशक्त मंच उपलब्ध कराने वाले जेबीएन में बढ़ती सदस्य संख्या को देखते हुए गठित किये गये जेबीएन पायोनियर्स ने अल्पअवधि में ही उल्लेखनीय कार्य किया हैं। सदस्यों के बीच लगभग नौ करोड़ रुपयों का व्यापार इसका जीवंत उदाहरण है।

यह बात जीतो बेंगलूरु नॉर्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने जेबीएन पायोनियर्स की नई लीडरशिप गठन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि देश भर में फैला जेबीएन नेटवर्क आज व्यापारिक जुड़ाव का विकल्प बनता जा रहा है।

नवकार उच्चारण से प्रारंभ सभा में पायोनियर्स अध्यक्ष देवेंद्र जैन ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने जानकारी दी कि अगले कार्यकाल के लिये आशीष भंसाली को अध्यक्ष, मेहुल सकलेचा को उपाध्यक्ष एवं रिंकु बाफना को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उपाध्यक्ष मोनीश बोथरा के अनुसार बैठक में पायोनियर्स सदस्यों के साथ 40 आमंत्रितों की उपस्थिति जेबीएन के बढ़ते ग्राफ का उदाहरण है।

सचिव प्रेक्षा कातरेला ने वर्तमान लीडरशिप के कार्यों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि पायोनियर्स की सदस्य संख्या में 44 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच 23 वन-टू-वन एवं 71 रेफरल के माध्यम से लाखों के व्यापारिक समझौते हुए।

जीतो बेंगलूरु नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार पायोनियर्स नया चेप्टर होते हुए भी सदस्यों के बीच छः महीनों की अल्पावधि में करोड़ों रुपए का व्यापार इसके सफलता की कहानी बयां करता है।

बैठक के एक विशेष सत्र में रिलायंस रीटेल की सहायक कंपनी सी स्क्वायर के श्रीपाल बच्छावत ने व्यापारिक विषय श्री एस पर जानकारीयुक्त प्रस्तुति दी। जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने जेबीएन द्वारा प्रदान किये जाने वाले अवसरों पर प्रकाश डाला। बैठक में अपेक्स रेफरल संयोजक मनोज कोचर, अपेक्स एसएसबी सह संयोजक रेखा जैन, जेबीएन सह संयोजक मदन मूणोत, नॉर्थ महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी, नॉर्थ समिति सदस्य महेंद्र सोलंकी इत्यादि भी मौजूद थे।



# बीजेएस का प्रतिभा पुरस्कार वितरण समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। भारतीय जैन संगठन की ओर से प्रतिभा पुरस्कार कार्यक्रम 2023 का आयोजन रविवार को नजरबाद स्थित समता भवन के सभागार में किया गया। भारतीय जैन संगठन की मैसूरु शाखा के अध्यक्ष प्रवीण लुंकड़ ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि बीजेएस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रफुल पारेख तथा अतिथि केन्द्रीय विद्यालय की प्रशिक्षिका मीनाक्षी जैन रही।

कार्यक्रम में जीवदया क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट व अनुकरणीय सेवाएं देने पर सोहनलाल बाघमार को बीजेएस सेवा शिरोमणि अवार्ड से नवाजा गया। बोर्ड परीक्षा दसवी व बारहवी, कॉलेज स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में पदवी हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान कर स्मृति चिह्न दिया गया। वक्ताओं ने प्रतिभाओं के मेहनत की सराहना कर समाजहित में अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में आए विभिन्न संघ समाज के पदाधिकारियों का स्वागत कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक मोहनीदेवी-छगनराज गुलेच्छा व चंद्राबाई-जुगराज श्रीश्रीमाल का सम्मान किया गया। बीजेएस कर्नाटक राज्य के उपाध्यक्ष प्रकाश गुलेच्छा, जोन अध्यक्ष सुखराज विनायकिया, सुमतिनाथ जैन संघ के अध्यक्ष भेरुमल राठोड़, स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष सुभाषचंद धोका, तेरापंथ सभा के अध्यक्ष प्रकाश दक रॉयल, साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष सुरेश दक, जीतो मैसूरु चैप्टर के चेयरमैन कांतिलाल चौहान, मैसूरु पिंजरापोल सोसायटी के सचिव विनोद खाबिया, सुमतिनाथ जैन संघ नवयुवक मंडल अध्यक्ष जय कुमार सालेचा सहित विभिन्न संघ संस्थानों के पदाधिकारी व सदस्य इस मौके पर उपस्थित थे। खुशाल पालरेचा ने आभार व्यक्त किया वहीं मंच संचालन अशोक सालेचा ने किया।

# इजराइल-हमास संघर्ष के बीच मेरी चचेरी बहन, जीजा की हत्या कर दी गई : मधुरा नाइक

मुंबई/भाषा

'प्यार की ये एक कहानी' और 'नागिन' समेत अन्य टीवी धारावाहिक की मशहूर अभिनेत्री मधुरा नाइक ने कहा है कि उनकी चचेरी बहन और जीजा की चार दिन पहले इजराइल-हमास संघर्ष के दौरान 'बेरहमी से हत्या' कर दी गई।

इंस्टाग्राम पर मंगलवार को साझा किए गए एक वीडियो में खुद को भारतीय मूल की यहूदी बताने वालीं नाइक ने दावा किया कि उनके रिश्तेदारों की सात अक्टूबर को हत्या कर दी गई।

नाइक ने कहा, मेरी चचेरी बहन ओडाया की उनके पति के साथ उनके दो बच्चों के सामने ही बेरहमी से हत्या कर दी गई। आज मुझे और मेरे परिवार को जिस दुख और सदमे का सामना करना पड़ रहा है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। आज पूरा इजराइल दर्द में है।

अदाकारा ने कहा, इजराइल के बच्चे, वहां की महिलाएं और वहां की सड़कें हमास के गुस्से की आग में जल रही हैं। महिलाओं, बच्चों, बूढ़ों और कमजोरों को निशाना बनाया जा रहा है।सोशल मीडिया पर अपनी बहन और परिवार की एक तस्वीर साझा करने के बाद नाइक ने कहा कि वह यह देखकर हैरान हैं कि फलस्तीन समर्थक अरब दुष्प्रचार कितना गहरा है। उन्होंने वीडियो में कहा, यहूदी होने के कारण मुझे शर्मिंदा किया गया, अपमानित किया गया और निशाना बनाया गया। आज मैं अपनी भावनाओं को व्यक्त करना चाहती हूं और अपने प्रशंसकों, दोस्तों, उन लोगों को बताना चाहती हूं जिन्हें मैं प्यार करती हूं और उन लोगों को भी बताना चाहती हूं जिन्होंने इतने वर्षों तक मेरे द्वारा किए गए सभी कार्यों के लिए मेरा समर्थन किया है।

नाइक ने यह भी कहा कि वह किसी भी तरफ से हिंसा या दमन का समर्थन नहीं करतीं।

नाइक ने रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'जहां मन भय रहित हो' को पढ़ते हुए वीडियो के समापन में कहा, यहूदी होने के नाते हमें भी उनके (फलस्तीनियों) जितना ही शांति और सद्भाव का अधिकार है। मेरा दिल उन सभी के रो रहा है, जिन्होंने अपनी जान गंवाई, जो लापता हैं, जिन्हें बंधक बना लिया गया है, निर्दोष बच्चों और उन सभी के लिए जो इसका सामना कर रहे हैं।

# दीपावली पर कार्यशाला एवं प्रतिभाओं का सम्मान हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। वनबंधु परिषद बेंगलूरु की महिला समिति की मासिक बैठक के मौके पर कार्यशाला एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को शहर के कब्बन पार्क स्थित टेनिस स्टेडियम सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ सुचिता अग्रवाल, सरिता भंसाली, रेणू कानोडिया, सुशीला गुप्ता, कान्ता काबरा एवं बबिता अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ञवलन करके किया गया।

इस अवसर पर महिला समिति के सदस्यों ने सरिता भंसाली को राष्ट्रीय महिला समिति के संगठन मंत्री एवं रेणू कानोडिया को राष्ट्रीय महिला समिति के सह-सचिव के पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया। इस अवसर पर शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं एक पौधा देकर सम्मानित किया। सरिता व रेणु ने शब्दों के माध्यम से आभार व्यक्त करते हुए समिति के प्रति सदैव सहयोग की बात कही। इस मौके पर एक कार्यशाला 'अनरैप दि मैजिक ऑफ दीपावली' पर सविता सर्राफ द्वारा आकर्षक सजावट की वस्तुएं बनाने की कला बताई गई। जिसमें सुन्दर बदनवार, दीपक, रंगोली आदि बनाना बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 सदस्यों की उपस्थिति रही। दीपावली के लिए पेंट किए गए दीपों का स्टॉल भी रखा गया। संचालन अनीता जैन के द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन कांता काबरा ने किया।

# 'हर धर्म में श्रेष्ठ जीवन जीने की बातें हैं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। सिमंधर स्वामी राजेंद्र सूरी संघ मामूलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास मे गुरु राजेंद्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने बुधवार को अपने प्रवचन में कहा कि हर धर्म में अच्छे महापुरुष हैं। हर धर्म में अच्छे शास्त्र हैं। हमें उन महापुरुषों का सम्मान करना चाहिए। हर धर्म में श्रेष्ठ जीवन जीने की बातें हैं। दुनिया का कोई धर्म नहीं कहता कि आप किसी को कोई दुख दो।

दुनिया का कोई धर्म नहीं कहता कि आप किसी का धन चुराओ। दुनिया का कोई धर्म नहीं कहता कि आप हिंसा करो। दुनिया का कोई धर्म नहीं कहता कि आप चोरी, व्यभिचार, लूटपाट करो। दुनिया का हर धर्म हमें मानवता का संदेश देता है। अगर हम अपने नजरिए को बड़ा लेकर चलेंगे तो दुनिया के किसी भी धर्म में कोई फर्क नहीं है। केवल जीने के तरीके का फर्क है। कोई नहीं पराया, सारी धरती एक बसेरा है। केवल नजरिए को इंसान बड़ा कर लेगा तो पूरी दुनिया के भगवान एक जैसे हैं। अपनी सोच को हमेशा बड़ी रखो। सभी मेहमानों का स्वागत किया या। मांगीलाल वेदमूथा और मेघराज भंसाली ने आभार व्यक्त किया।

# अनुराग ठाकुर ने एनिमेटेड शो 'भारत हैं हम' का ट्रेलर जारी किया

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को आगामी एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर जारी किया। इस सीरीज में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के बारे में बताया जाएगा।

'भारत हैं हम' एनिमेटेड सीरीज को आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के एक भाग के रूप में प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा संचालित दूरदर्शन पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

अनुराग ठाकुर ने यहां एक कार्यक्रम में इस सीरीज का ट्रेलर जारी किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, आजादी का अमृत महोत्सव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण है। उनके दृष्टिकोण के तहत, राष्ट्र की स्मृति को फिर से जागृत करना और इन गुमनाम नायकों के प्रति कृतज्ञता जताने का हमारा विनम्र प्रयास है... हमारे यहां ऐसे कई गुमनाम नायक हैं जिन्हें हमारे इतिहास में उचित श्रेय नहीं दिया गया। इनमें से 30 प्रतिशत नायक महिलाएं हैं और ये कहानियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए और भी बहुत कुछ करेंगे कि हमारे देश के छात्र और लोग ऐसे नायकों के बारे में अवगत हों। हम इस सीरीज को संसद में भी प्रदर्शित करेंगे ताकि संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में इसका प्रचार-प्रसार कर सकें।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com